**सुविचार**
मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
ऐशले की हॉट तस्वीरें इंटरनेट पर मचा...

Ranchi ● Saturday, 10 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 144 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,625.63 |
| निफ्टी | : | 18,563.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,695 |
| चांदी | : | 79.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### चाईबासा में दुष्कर्म के दोषी को मिली 10 साल की सजा

**CHAIBASA :** अपर जिला सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने शुक्रवार को झींकपानी थाना क्षेत्र के ईचापुर गांव निवासी सुखलाल बुडीउली को दुष्कर्म के एक मामले में 10 साल की सजा और 10 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है। दोषी के खिलाफ पीड़िता के बयान पर झींकपानी थाना में 19 नवंबर, 2020 को मामला दर्ज कराया था। पीड़िता 16 नवंबर को अपने फुफू के घर झींकपानी के इच्छापुर आई हुई थी। इस बीच आरोपित सुकलाल बुडीउली उर्फ लाल सिंह ने पीड़िता को डरा-धमका कर जबरदस्ती किया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने सुकलाल बुडीउली उर्फ लाल सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में पुलिस ने सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र समर्पित किया गया, जिसके आधार पर कोर्ट ने सजा सुनाई।

### पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन कल से

**RANCHI :** पटना से रांची तक वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 11 जून को होगा। यह ट्रेन सुबह 6:55 बजे पटना से खुलेगी और दोपहर एक बजे रांची पहुंचेगी। रांची से दोपहर 2:20 बजे खुलेगी और शाम 8:25 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन गया, बरकाकाना होकर चलेगी। इस ट्रेन का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। रांची से पटना के बीच जल्द ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत ट्रेन दौड़ेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस महज छह घंटे में रांची से पटना की दूरी तय करेगी। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस जहानाबाद, कोडरमा और मेसरा स्टेशन में भी रूकेगी। अभी तक की प्लानिंग के अनुसार गया में 10 मिनट और बरकाकाना में पांच मिनट ट्रेन रूकेगी। पूर्व मध्य रेलवे की ओर से इस संबंध में दानापुर, मुगलसराय और धनबाद डिवीजन के सीनियर डिविजनल ऑपरेशनल मैनेजर को पत्र लिखकर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। इसके तहत दानापुर के एक ट्रैफिक इंस्पेक्टर को पटना से गया तक फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करने को गया है जबकि धनबाद डिवीजन को गया से रांची और लौटने के दौरान फुट प्लेटिंग का मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करना है। इस ट्रेन की शुरूआत होने से पटना से रांची आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा होगी।

### बिहार में ई-रिक्शा पर पलटा बेकाबू ट्रक, छह की मौत

**PATNA :** जिले के बख्तियारपुर के लखनपुरा में स्टेट हाइवे-106 पर शुक्रवार की दोपहर लखनपुरा के पास तेज रफ्तार ट्रक अचानक एक ई-रिक्शा पर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस हादसे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस सड़क हादसे में घायल लोगों के समुचित इलाज के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने सभी चार घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने सभी को पटना रेफर कर दिया है।



### मुख्यमंत्री ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।**

# ED ने धनबाद, हजारीबाग, कोलकाता व पटना में 1.5 करोड़ नकद व 11 करोड़ की संपत्ति के दस्तावेज किए जब्त

## 60 बैंक खातों को भी किया फ्रीज, अवैध बालू खनन से जुड़ा है मामला

**CRIME REPORTER RANCHI :** अवैध बालू खनन मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कर रही है। जांच क्रम में ईडी ने मैसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और अन्य सहयोगियों के ठिकाने पर छह जून को छापेमारी की थी। इस मामले में पटना, धनबाद, हजारीबाग और कोलकाता के 27 स्थानों पर छापेमारी की गई थी। ईडी ने बताया कि इस दौरान डेढ़ करोड़ रूपया नकद, 11 करोड़ रूपया के संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए और साथ ही बैंक में जमा 6 करोड़ रूपया और 60 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। छापेमारी के दौरान मिले कागजात और डिजिटल सामग्री को भी आगे की जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। ईडी ने बिहार पुलिस द्वारा दर्ज विभिन्न एफआईआर के आधार पर अवैध बालू खनन मामले की जांच शुरू की है। कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ बिहार के खनन विभाग की शिकायतों के आधार पर मैसर्स ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ विभागीय प्री-पेड परिवहन ई-परिवहन का उपयोग किए बिना अवैध रेत खनन और इसकी बिक्री के लिए प्राथमिकी दर्ज की गई है। खनन प्राधिकरण, बिहार की ओर से जारी चालान से करीब 250 करोड़ रुपये के राजस्व की भारी हानि हुई है। छापेमारी के दौरान नकदी, आपत्तिजनक दस्तावेज जैसे खरीदी गई संपत्तियों की बिक्री के दस्तावेज,कंपनियों और उनके निदेशकों के नाम पर एफडीआर की खोज हुई है।

**ब्रॉडसन व आदित्य मल्टीकॉम के निदेशकों पर दबिश :** ब्रॉडसन और आदित्य मल्टीकॉम से जुड़े पुंज सिंह, बबन सिंह, सुरेंद्र जिंदल, मिथिलेश सिंह, अशोक कुमार, एमएलसी राधाचरण साह और सुभाष यादव बॉडसन के निदेशक रहे हैं। वहीं जगनारायण सिंह और सतीश कुमार सिंह आदित्य मल्टीकॉम के निदेशक हैं। दोनों कंपनियां कोलकाता के पते पर रजिस्टर्ड हैं और बिहार में पटना, भोजपुर, औरंगाबाद, सारण, रोहतास और कैमूर में बालू खनन का काम करती रही हैं।

## LAND SCAM : अमित अग्रवाल और दिलीप घोष से तीन दिनों तक पूछताछ करेगी ED, मिली रिमांड

**RANCHI :** रांची में सेना की जमीन पर कब्जे के मामले में कारोबारी अमित अग्रवाल एवं जगत बंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को 72 घंटे के लिए ईडी की रिमांड पर भेजा गया है। ईडी अब इनसे पूछताछ करेगी। शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने ईडी को इन दोनों से पूछताछ के लिए 72 घंटे के रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। ईडी ने पांच दिनों की रिमांड मांगी थी लेकिन कोर्ट ने सिर्फ 72 घंटे की रिमांड दी है। 7 जून को देर रात कोलकाता से इन दोनों की गिरफ्तारी हुई थी । ईडी ने पहले भी इन दोनों से पूछताछ की थी लेकिन दोनों कई सवाल से बचते रहे। अब जब पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है और ईडी के पास भी कई अहम सबूत हैं ऐसे में सवालों को टालना इनके लिए मुश्किल होगा। ईडी ने दिलीप घोष को 10 मई को पूछताछ के लिए समन भेजा था। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड , मुहर सहित कई अहम दस्तावेज ईडी के हाथ लगे थे। 14 अप्रैल को ईडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया इसमें राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप, प्रदीप बागची, अफसर अली, इम्तियाज खान तलहा खान, फैयाज खान एवं मोहम्मद सद्दाम शामिल था। अभी तक रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित कुल दस गिरफ्तारियां हो गई हैं। फर्जी कागजात के आधार पर प्रदीप बागची नामक शख्स ने कोलकाता के जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को यह जमीन बेची थी।

# धनबाद : अवैध खनन के दौरान चाल धंसी, तीन की दर्दनाक मौत

## मृतकों में 10 साल का बच्चा भी शामिल, कई लोगों के दबे होने की आशंका

**PHOTON NEWS DHANBAD :** कोयलांचल धनबाद में एक बार फिर अवैध खनन के दौरान बड़ी घटना हो गई। ताजा मामला झरिया के भौंरा का है, जहां अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में 10 साल का बच्चा भी शामिल है। इसके अलावा तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस इलाके में सैकड़ों की संख्या में लोग अवैध रूप से कोयला निकालते हैं। जानकारी के मुताबिक, चाल धंसने से मौके पर कई लोग दब गए थे, जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, वहीं तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं कई लोगों की मलबे में दबे होने की आशंका है। एक घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया है, उसकी भी हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों में 25 वर्षीय मदन प्रसाद उर्फ पवन और 10 वर्षीय जितेंद्र यादव शामिल हैं। तीसरे व्यक्ति की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। बताया जा रहा कि यह घटना कोयला चोरी के दौरान हुई है।



धनबाद के झरिया में अवैध खनन के दौरान चाल धंसने से तीन लोगों की मौत के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़ ● फोटोन न्यूज

**कई महीनों से हो रहा है अवैध उत्खनन :** बताया जा रहा है कि यहां कई महीनों से अवैध उत्खनन जारी है। इस पर ना आउटसोर्सिंग कंपनी का ध्यान है, ना ही सीआईएसएफ कोई कार्रवाई करती है और ना भौंरा पुलिस ही एक्शन लेती है। इसकी सूचना कई बार प्रबंधन के साथ-साथ पुलिस को भी दी गई है। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि पुलिस प्रशासन की अनदेखी के कारण ही यह घटना घटी है।

**प्रदर्शन से जाम हुआ रोड, दर्जनों कोयला लदे वाहन फंसे :** घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। आक्रोशित स्थानीय घटना के बाद बच्चे के शव को लेकर ईजे एरिया भौंरा जीएम कार्यालय के गेट पर पहुंच गए, जहां वे प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। वहीं, मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की जा रही है। स्थानीयों के प्रदर्शन के कारण भौंरा मोहलबनी मुख्य मार्ग जाम हो गया। इस जाम में दर्जनों कोयला लदे वाहन फंसे गए।

**मृतक बच्चे के परिजनों का आरोप :** बच्चे की मौत से परिजन और स्थानीय काफी आक्रोशित हैं। उनका आरोप है कि इलाके में कुछ सिंडीकेट हैं, जो अवैध कोयला उत्खनन करवाते हैं। वे बच्चों को बहला फुलसा कर खनन के लिए बुलाते हैं। इसी का नतीजा है कि इतना बड़ा हादसा हो गया। उनका कहना है कि इस घटना में कई लोग टपेट में आए हैं। प्रदर्शन के कारण पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन सूचना है कि पुलिस ने अभी तक मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने शवों को भी अपने कब्जे में नहीं लिया, ना ही घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि यह संपत्ति बीसीसीएल प्रबंधन की है, वहीं देखरेख के लिए सीआईएसएफ है, फिर सुरक्षा की जिम्मेदारी भी उनकी है। हालांकि, पुलिस ने मामले की जांच की बात जरूर कही। पुलिस का कहना है कि घटना की सूचना है, लेकिन जांच से पहले कुछ भी कहना सही नहीं होगा। जांच में कोई दोषी पाया जाएगा तो उसपर कार्रवाई की जाएगी।

**अंडमान-निकोबार का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला**

## प्रवासी श्रमिकों के लिए चल रही कई योजनाएं : सीएम



सीएम हेमंत सोरेन के साथ बातचीत करता प्रतिनिधिमंडल ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अंडमान निकोबार प्रवास के दौरान उनसे वहां रह रहे झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अंडमान निकोबार द्वीप समूह में रोजगार और अन्य विषयों से संबंधित अनुभवों को साझा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कई दशकों से झारखंड के अलग-अलग क्षेत्रों से श्रमिक यहां मजदूरी करते आते रहे हैं। इनमें से कई अंडमान और निकोबार प्रशासन के पुनर्वास योजनाओं के तहत यहां बस चुके हैं। इनमें से अधिकांश श्रमिक निर्माण कार्य से जुड़े हैं। प्रतिनिधिमंडल ने अंडमान-निकोबार मुख्यमंत्री के साथ सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षिक विकास, लोगों के लिए पारगमन आवास, हवाई किराए में वृद्धि आदि से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने अपनी कुछ मांगो से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान अंडमान-निकोबार में फंसे झारखंड के 180 प्रवासी श्रमिकों को एयर लिफ्ट करा कर उनके सकुशल घर वापसी कराने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

### सेफ एंड रिस्पांसिबल माइग्रेशन इनीशिएटिव की शुरूआत

सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि प्रवासी श्रमिकों के हित में राज्य सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सीएम झारखंड प्रवासी श्रमिक दुर्घटना कोष बनाया गया है। साथ ही यहां से जो भी श्रमिक- व्यक्ति काम करने दूसरे देशों में जाते हैं, उनके लिए भी मुख्यमंत्री अंतरराष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना चल रही है। झारखंड से बाहर प्रवास करने वाले लोगों की मदद के लिए भी राज्य सरकार द्वारा सेफ एंड रिस्पांसिबल माइग्रेशन इनीशिएटिव की शुरूआत की गयी है। इसके तहत प्रवासी श्रमिकों के व्यवस्थित पंजीकरण को सक्षम करने, डेटाबेस की निगरानी और विश्लेषण की भी व्यवस्था की गई है। सुरक्षित और जिम्मेदार प्रवास पर प्रथाओं के बारे में अभियानों के माध्यम से जागरुकता पैदा किया जा रहा है।

## लिव-इन पार्टनर का हत्यारा निकला HIV POSITIVE

**AGENCY NEW DELHI :** मीरा रोड पर रहने वाली एक महिला की लिव-इन रिलेशनशिप में हुई हत्या मामले की जांच में चौंकाने वाले खुलासा हुआ है। जांच के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह खुद एचआईवी ग्रसित है। सरस्वती मेरे बेटी जैसी थी, कभी शारीरिक संबंध नहीं बनाया। इस मामले गहन छानबीन जारी है। मामले की जांच कर रहे अधिकारी ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि मीरा रोड के गीता नगर में रहने वाले 56 वर्षीय मनोज साने को उसके साथ लिव - इन -रिलेशन में रहने वाली 32 वर्षीय सरस्वती वैद्य की हत्या मामले में बुधवार को गिरफ्तार किया गया था । कोर्ट ने गुरुवार को आरोपी मनोज साने को 16 जून तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मनोज साने ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि, 'सरस्वती मेरी बेटी जैसी थी। मैंने उसके साथ कभी शारीरिक संबंध नहीं बनाए। सरस्वती ने 3 जून को आत्महत्या कर ली थी। मैंने इस डर से उसके शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की कि पुलिस मेरे खिलाफ मामला दर्ज कर मुझे गिरफ्तार कर लेगी।'

उल्लेखनीय है कि मीरा रोड इलाके के गीतानगर में स्थित फ्लैट से पुलिस ने तीन बाल्टियों में सरस्वती के शव के टुकड़े बरामद किए थे। आरोपी ने सरस्वती के शव के छोटे-छोटे टुकड़े कर दिए थे। इसके बाद आरोपी ने इन टुकड़ों को प्रेशर कुकर में पकाकर कुत्तों को खिलाया था।

**सीबीआई ने 6 केस दर्ज किए, 10 सदस्यीय एसआईटी बनाई, 57 हथियार, 1,588 गोला-बारूद व 23 बम बरामद**

# MANIPUR में फिर भड़की हिंसा, 3 की मौत

**AGENCY IMPHAL :** मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच 3 मई से चली आ रही हिंसा थम नहीं रही है। शुक्रवार को राजधानी इंफाल से लगे कुकी बहुल खोकेन गांव में अलग-अलग वारदात में तीन लोगों की मौत हो गई । सीबीआई ने मणिपुर हिंसा के संबंध में 6 केस दर्ज किए। जांच के लिए एसआईटी बनाई है, इसमें 10 सदस्य हैं। बीते 24 घंटों में मणिपुर के इंफाल ईस्ट, काकचिंग, टेंग्नौपाल और बिष्णुपुर जिलों में 57 हथियार, 1,588 गोला-बारूद और 23 बम बरामद किए हुए हैं। हिंसा के बाद से अब तक राज्य में कुल 953 हथियार, 13,351 गोला बारूद और 223 बम बरामद किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की वैकेशनल बेंच ने राज्य में 3 मई से लगे इंटरनेट बैन पर फौरन सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने कहा कि मामला पहले से हाईकोर्ट में है। इस पर सुनवाई होने दें। याचिका एडवोकेट चोंगथम विक्टर सिंह और बिजनेसमैन मायेंगबाम जेम्स ने दायर की थी।



हिंसा के बाद खोकेन गांव में तैनात सुरक्षाबल ● फोटोन न्यूज

### भाजपा विधायक के घर IED ब्लास्ट

गुरुवार देर रात दो लोगों ने इंफाल में भाजपा विधायक सोराईसाम केबी के घर बम से हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, दो लोग बाइक से आए और उन्होंने खुले गेट के अंदर आईआईडी बम फेंक दिया। जिसके बाद तेज धमाका हुआ। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। विधायक सोराईसाम केबी ने मीडिया से कहा, यह बेहद अपमानजनक और परेशान करने वाला है कि राज्य में व्याप्त अशांति के बीच मेरे घर पर इस तरह का विस्फोट हुआ। उन्होंने इस घटना के पीछे के लोगों से अपील की कि वे भविष्य में कहीं भी इस तरह की गतिविधियों को न दोहराएं। विधायक ने आगे कहा, हम सभी इंसान हैं और दोनों समुदायों के बीच जो भी मनमुटाव है उसे बम के बिना सुलझाया जा सकता है। मणिपुर में पिछले 10 दिनों में विधायक के घर पर यह दूसरा हमला है। इससे पहले 28 मई को कांग्रेस विधायक रंजीत सिंह के सेरो गांव स्थित घर पर हमला हुआ था। कुछ लोग सेरो गांव में आए और उन्होंने विधायक रंजीत के घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विधायक और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। हिंसक भीड़ ने कई घरों को आग के हवाले कर दिया।

# रांची RIMS को लेकर विधायक सरयू राय ने उठाए सवाल, कहा-रिम्स नहीं बन पाया एम्स

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। इसके माध्यम से वे कई खुलासा कर चुके हैं। अब रांची रिम्स को लेकर फेसबुक पेज पर सवाल पूछा है।

सरयू राय ने लिखा है कि रांची में रिम्स की स्थापना एम्स के स्थान पर हुई थी। इसके नियम दिल्ली एम्स की तर्ज पर बने। उन्होंने यह भी लिखा है कि रिम्स एम्स तो नहीं बन पाया पर बदहाली और अनियमितता में सदर अस्पताल को मात देने में लगा है। देश के दो नामी चिकित्सक रिम्स के निदेशक चुने गए। दोनों को समय पूर्व रिम्स छोड़ना पड़ा। क्यों?



सरयू राय की फाईल फोटो। ● द फोटोन न्यूज

इसपर लोगों ने प्रतिक्रिया भी दी है। मंजू सिंह ने लिखा है मुट्ठी भर स्वाभिमानी लोग रह गए हैं, जिनके बदौलत दुनिया चल रही है। वहीं, संजय मेहता ने कमेंट किया है कि सवाल जायज है। समाधान का सुझाव भी दीजिए सर।

वहीं, गोविंद भारद्वाज ने लिखा है कि झारखंड का दुर्भाग्य है कि इस राज्य को बने 23 साल होने जा रहा है। मगर एक भी बड़ा अस्पताल नहीं बना। यहां के लोगों को इलाज कराने के लिए हमेशा बाहर जाना पड़ता है।

इसी तरह राजेश सिंह ने लिखा है अंधेर नगरी चौपट राजा। इस तरह से तमाम लोग एक से बढ़कर एक जवाब दिया है। मालूम हो कि एक दिन पूर्व सरयू राय ने रिम्स के नए निदेशक को बधाई देते हुए लिखा था कि उम्मीद है कि वे रिम्स के वरीयतम प्राध्यापक होंगे। तभी स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उन्हें निदेशक बनाया होगा। नियमानुसार रिम्स के वरीयतम प्राध्यापक को ही छह माह के लिए तदर्थ निदेशक नियुक्त किया जाता है।

## सीएम धन-दौलत के नशे में कब तक लेंगे गरीब आदिवासी मजदूरों की बलि : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI

धनबाद जिले के झरिया के भौंरा में चाल धंसने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने इस हादसे के लिए राज्य सरकार को जिम्मेवार ठहराया है।



बाबूलाल मरांडी की फाईल फोटो। ● द फोटोन न्यूज

बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन काली कमाई से धन-दौलत बनाने के नशे में गरीब आदिवासी मजदूरों की कब तक बलि लेंगे? धनबाद में एक सिपाही भी कुछ महीनों में करोड़पति कैसे बन जा रहा है? दारोगा और वरीय अधिकारियों की बात तो छोड़ ही दीजिये। नीचे से लेकर ऊपर तक अवैध कमाई करने वालों ने मानवीय मूल्यों को उसी चाल में झोंक दिया है। उन्होंने कहा कि तस्वीरें देखकर मन द्रवित है। पुलिस-माफिया की साठगांठ से धनबाद में अवैध कोयला उत्खनन का धंधा फल फूल रहा है।

### अखिल भारतीय सरना समाज का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

## भगवान बिरसा मुंडा की आहुति लोगों के लिए प्रेरणादायक : केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

PHOTON NEWS KHUNTI

अखिल भारतीय सरना समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को बिरसा कॉलेज के बहुउद्देशीय भवन में भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस सह अखिल भारतीय सरना समाज खूंटी के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

भीम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के प्रारंभ में अमर शहीद बिरसा मुंडा की स्मृति में उन्हें नमन किया गया। इस दौरान समाज के कई प्रबुद्ध लोगों ने बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा, विशिष्ट अतिथि समाज के संरक्षक पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, डॉ सत्यनारायण मुंडा, सोमा मुंडा, बोध सिंह मुंडा, प्रेमानंद सिंह मुंडा आदि ने सरना समाज की वर्तमान सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक मुद्दों के साथ ही भावी रणनीतिक कार्यक्रमों पर विचार व्यक्त किए।



कार्यक्रम में बोलते अर्जुन मुंडा। ● द फोटोन न्यूज

अर्जुन मुंडा ने कहा कि सामाजिक सरोकारों के बारे में लगातार कार्य करने वाले अखिल भारतीय सरना समाज के इस कार्यक्रम में जिस प्रकार से समाज के प्रबुद्ध लोगों ने वन एवं वन का प्रबंधन, वनाधिकार कानून के साथ ही अपनी भाषा, संस्कृति, परंपराओं, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विषय पर चर्चा किया, यह सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि ऐसी चचाओं से समाज में रचनात्मक ऊर्जा का सृजन होता है। इस तरह की चर्चा से समाज को बहुत ताकत मिलती है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के आहुति को प्रेरणा के रूप में लेते हुए आगे कैसे बढ़ा जाए यह संकल्प लेना चाहिए। इससे पूर्व प्रदान संस्था द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से वनाधिकार कानून की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन समाज के सचिव लीलू पहान एवं संजय मुंडा ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन नौरी पूर्ति ने किया। कार्यक्रम में मुनी महादेव मुंडा सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में बिरसाइत धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## प्रदेश भाजपा के नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन

PHOTON NEWS RANCHI

प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। नेताओं ने प्रातः काल भगवान बिरसा मुंडा की कोकर स्थित समाधि स्थल पहुंचकर पुष्प चढ़ाए। साथ ही पुराना जेल परिसर एवम पार्टी प्रदेश कार्यालय में भी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि बिरसा भगवान ने गुलामी के काल खंड में जनजाति समाज को नई दिशा दी। उनकी लड़ाई अंग्रेजी दासता के खिलाफ तो थी ही लेकिन अंग्रेजों के कुचक्र ने जनजाति समाज की संस्कृति और पहचान मिटाने की कोशिश की, जिसके खिलाफ वे अंतिम सांस तक लड़ते रहे। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा सांस्कृतिक जागरण के अगुवा थे।

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा दैवगुण संपन्न एक महामानव थे, जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से सम्पूर्ण जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने अपनी छोटी आयु में ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष भी किया और समाज सुधार के कार्य भी किए। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज उनके पद चिह्नों पर आगे बढ़ते हुए अपनी पहचान ,परंपरा को अक्षुण्ण रख सकता है।

## फ्रांस के राजदूत व सांसद जयंत सिन्हा ने पीवीयूएन पतरातू का किया दौरा

PHOTON NEWS RAMGARH

फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन और हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने गणमान्य व्यक्तियों के साथ गुरूवार की देर शाम पतरातू परियोजना का दौरा किया।

इस दौरान पीवीयूएनएल और बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रवींद्र कुमार, सीईओ (पीवीयूएन) ने मुख्य संयंत्र गेट पर उनका स्वागत किया। सुरक्षा पार्क में सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पौधारोपण किया गया। इस दौरान परियोजना की प्रगति और सामुदायिक विकास पहलों पर प्रकाश डालने वाली एक संक्षिप्त प्रस्तुति सभी गणमान्य व्यक्तियों को दिखाई गई।



फ्रांस के राजदूत व सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत करते कंपनी प्रबंधन। ● द फोटोन न्यूज

मौके पर एचई इमैनुएल लेनैन ने दौरा किया और बॉयलर और जीआईएस की प्रगति की समीक्षा की। श्री इमैनुएल लेनैन ने सीओ 2 उत्सर्जन को कम करने और समुदाय की आजीविका में सुधार के लिए की गई कार्यों की सराहना की।

जयंत सिन्हा ने परियोजना की प्रगति की प्रशंसा करते हुए टीम पीवीयूएनएल को लक्ष्य के अनुसार इकाइयों की स्थापना के लिए शुभकामनाएं दी।

## अंडमान के लेफ्टिनेंट गवर्नर से मिले सीएम



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को अपने अंडमान निकोबार प्रवास के दौरान केंद्र शासित प्रदेश के लेफ्टिनेंट गवर्नर एडमिरल डीके जोशी से मुलाकात की। यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### रामगढ़ विधानसभा में आयोजित वरिष्ठ कार्यकर्ता मिलन में पहुंचे राज्यसभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मीकांत बाजपेई

# कोयले में लगी भयावह आग पर काबू पाने का निर्देश

PHOTON NEWS RAMGARH

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के सफलतम नौ वर्ष पूरे होने पर पार्टी द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के निमित्त झारखंड प्रदेश प्रभारी, राज्यसभा के मुख्य सचेतक सह राज्यसभा लक्ष्मीकांत बाजपेई दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रामगढ़ विधानसभा में आयोजित वरिष्ट कार्यकर्ता मिलन में पहुंचे थे। वहां उन्होंने उपस्थित वरिष्ट भाजपा नेताओं एवं मीडिया से अलग अलग वार्ता की।

वार्ता के दौरान संगठन के वरिष्ट नेता लक्ष्मीकांत बाजपाई से पत्रकारों एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा भुरकुंडा क्षेत्र के कोयले की स्टॉक में महीनों से लगी आग और उसको बुझाने में नाकाम प्रशासन और सरकार से संबंधित सवाल पूछे जाने पर उन्होंने जिम्मेवारी पूर्वक जवाब देते हुए न सिर्फ त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया, बल्कि प्रेसवार्ता के बाद सभास्थल से ही इसपर कार्यवाही हेतु कोयला मंत्री प्रह्लाद पटेल और रेल मंत्रालय से फोन पर वार्ता कर समन्वय स्थापित करते हुए कोयले में लगी इस भयावह आग पर काबू पाने का निर्देश भी दिया। जिससे राजस्व नुकसान न हो साथ ही आसपास रहने वाले निवासियों को इस भरी गर्मी में आग की तपिश और वायु प्रदूषण से निजात मिल सके ।



वरिष्ठ कार्यकर्ता मिलन में बोलते लक्ष्मीकांत बाजपेई। ● द फोटोन न्यूज

उक्त बातो को विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने बताया की इसे बाजपेई जी का मंत्रियों से मधुर संबंध या भाजपाई नेताओं की भ्रष्टाचार रहित कार्यपद्धति का नतीजा ही कहा जाएगा की लुटेरों के गठबंधन वाली झारखंड सरकार की देखरेख में सुलगाई गई भ्रष्टाचार की इस आग को बुझाने का श्रेय भाजपा और झारखंड दौरे पर रामगढ़ पहुंचे लक्ष्मीकांत बाजपाई को जाता है जिनकी सुझबुझ से उत्तरप्रदेश में अपराध मुक्त बुलडोजर वाली योगी सरकार को बहुमत प्राप्त होने के साथ साथ केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी को अपनी अध्यक्षता में 80 में से 71 सीटों पर प्रचंड जीत दिलवाकर भाजपा के हाथों को मजबूत किया ।

केंद्रीय मंत्रालयों के संज्ञान में आने के बाद तत्परता से आग बुझाने में आई तेजी और महिनों तक झारखंड सरकार का इस पर ढुलमुल रवैया पर अपना बयान जारी करते हुए बाजपेई ने कहा की सर्वप्रथम मैं उन पत्रकारों का धन्यवाद करूंगा जिन्होंने मुझसे इसपर राजनीतिक प्रतिक्रिया पूछी थी,साथ हीं कोल और रेल मंत्री का आभार जो उन्होंने संज्ञान में आते हीं इसपर कार्यवाही शुरू की लेकिन राज्यसरकार और प्रशासन इतने महीने तक हाथ पर हाथ धरे क्यों बैठी थी जबकि उनके पास उचित संसाधन मौजूद थे ?

पत्रकारों के माध्यम से उन्होंने सरकार पर हमला करते हुए कहा की मुख्यमंत्री बताए की आखिर क्या कारण था कि झारखंड के बड़े कोलफील्ड एरिया से साथ स्टॉक यार्ड जिसके आसपास कई बड़े संयंत्र स्थापित हैं, और जहां आग बुझाने के उचित और आधुनिक उपकरण मौजूद थे बावजूद इसके आग पर काबू नही पाया गया और उसको विकराल रूप लेने छोड़ दिया गया ?

कहीं इस आग के पीछे कारण लाखों मिट्रिक टन कोयले को भंडारण से हेर फेर करने का मामला तो नहीं जिसको दबाने और ऑडिट के झनेले से बचने के लिए इनके भ्रष्टाचारी सहयोगियों के द्वारा लगाई गई हो ?

श्री बाजपेई ने मामले को मोदी जी तक पहुंचाने और इसपर जांच करवाने की बात कहते हुए बताया की झारखंड सरकार और उनके सहयोगी सतर्क हो जाएं क्योंकि भाजपा का सिद्धांत भ्रष्टाचार मुक्त भारत का रहा है इसी कारण आज मोदी के नेतृत्व में लोगों का भरोसा भाजपा पर बढ़ा है।

आगामी लोकसभा चुनाव में पर उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की हेमंत सोरेन और उनके सहयोगियों की अनुभवहीनता और भ्रष्टाचार युक्त कार्यपद्धति के कारण हीं झारखंड में भाजपा की अगली पूर्णबहूमत वाली सरकार बनेगी बल्कि झारखंड की जनता केंद्र में निर्णायक भूमिका निभाने वाली मोदी सरकार को झारखंड के सभी 14 सीट देकर भाजपा का हाथ मजबूत करेगी।

कोयले में अगलगी की घटना का निरक्षण करने हेतु हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिंह ने मौके पर जाकर स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उपस्थित अधिकारियों को आग पर काबू पाने के उचित दिशानिर्देश दिया।

## BRIEF NEWS

### भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में बिरसा मुंडा को दी गयी श्रद्धांजलि

RAMGARH : भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में आज धरती आबा बिरसा मुंडा के 123 वी शहादत पर आज उन्हें याद किया याद किया गया और कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कार्यालय सचिव सह जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा के विचारो को झारखंड के सभी बच्चों को बचपन से ही पढ़ाने की जरूरत है और बिरसा के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। जिस तरह से राज्य में सीएनटी और एसपीटी एक्ट का खुले आम उलंघन हो रहा है। उसकी रक्षा के लिए एक और उलगुलान की जरूरत है तभी झारखंड के जल जंगल और जमीन की रक्षा होगी। इस कार्यकर्म में फरजाना फारूखी, मनोज ठाकुर, सुनील सिंह, श्यामल चक्रबर्ती अनिरुद्ध कुमार, रोहन कुमार मोइज खान,संजीत कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### जल, जंगल, जमीन तथा जनजातीय अस्मिता और संस्कृति के रक्षक थे भगवान बिरसा मुंडा : मनोज महतो

RAMGARH : आजसू पार्टी जिला कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा का पुण्यतिथि मनाया गया जिसमें मुख्य रुप से नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज महतो शामिल होकर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किए पुण्यतिथि के अवसर पर कहे की जल जंगल जमीन तथा जनजातीय अस्मिता और संस्कृति के रक्षा के लिए लड़ने वाले देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के खूंटी जिला के उलीहातू गांव में हुआ था उनका प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव में शुरू किए गरीब परिवार में जन्म हुआ था लेकिन काफी जुझारू निडर होकर लड़ने वाले व्यक्ति थे अन्याय के विरुद्ध उन्होंने आने को आंदोलन छेड़ रखा था लगान वसूली के खिलाफ 1 अक्टूबर 1894 को बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों से लगान कर माफी के लिए आंदोलन किया जिसमें मुंडा विद्रोह उलगुलान कहा जाता है 1895 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और हजारीबाग केंद्रीय कारावास में 2 साल के कारावास की सजा दी गई लेकिन फिर भी यह नहीं माने और समय-समय पर आंदोलन करते रहे 24 दिसंबर 1899 में शुरू हुए आंदोलन से पीर के माध्यम से पुलिस थाने पर हमला किया था और वहां आग लगा दी थी सेना के साथ उनकी सीधी मुठभेड़ हुई थी जिसके कारण से गोली लगने पर बिरसा मुंडा के बहुत से साथी मारे गए और मुंडा जाति के दो व्यक्ति धन के लालच में आकर किसका मुंडा को गिरफ्तार करवा दिया जहां 9 जून 1900 मे बिरसा मुंडा की मृत्यु हो गई उन्हीं को याद करके आज पूरा झारखंड ही नहीं पूरे देश में उनकी यादों में पुण्यतिथि मनाया जाता है पुण्य तिथि के अवसर पर धर्मेंद्र साव, गुड्डू सिंह हेमलाल महतो अरुण अग्रवाल अजय महतो बबलू मोदी रोहित सोनी अंकित अग्रवाल इत्यादि आजसू पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे.!!

### लालू यादव का जन्मदिन सद्भावना दिवस के रूप में मनाएगा राजद

RANCHI : राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 76वां जन्मदिन 11 जून को है। जिला राजद ने उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में शुक्रवार को युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव ने सभी प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला के प्रधान महासचिव एवं सभी प्रखंड के अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि लालू के जन्मदिन को सामाजिक न्याय और सद्भावना दिवस के रूप में मनाएं। इस दिन अपने क्षेत्र में गरीबों को भोजन कराएं।

### भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोयला स्टॉक में लगी आग का सांसद जयंत सिन्हा ने किया निरीक्षण

RAMGARH : भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोयला स्टॉक में लगी आग का गुरुवार की देर शाम हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। ग्रामीणों ने सांसद के कहा कि कोयला में आग लगने से आस पास के ग्रामीण धूल-गर्दा के प्रदूषण से काफी परेशान हैं। मोके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि आग और धूल-धुंए पर काबू पाने के लिए रेल प्रशासन और जिला प्रशासन से मिलकर जल्द इसका समाधान करायंगे। सांसद ने डीआरएम से फोन पर वर्ता की। डीआरएम ने सांसद से कहा कि एक दिन में आग पर काबू पा लिया जाएगा। इधर सांसद ने लोगों से कहा कि मामला गंभीर है। डीआरएम से बात हो गई है। जल्द ही आग पर काबू पा लिया जायेगा। इधर कोयला में लगी आग को बुझाने में चार दमकल की गाड़ियां लगी है। साथ ही साइडिंग के लोग कोयला को युद्ध स्तर पर दूसरे जगह पर शिफ्ट करने में लगे हैं। इससे पूर्व भाजपा भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर के नेतृत्व में हनुमान मंदिर के समीप सांसद जयंत सिन्हा का जोरदार स्वागत किया गया। मौके सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह व जगतार सिंह, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर, महामंत्री सागर दांगी, नितेश ओझा, रियाज, मुन्ना ओझा, प्रदीप बेदिया, श्याम महतो सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाया जाएगा: गिरिराज सिंह

RAIPUR : केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि कानून के दायरे में रहकर कोई धर्म परिवर्तन करना चाहता है तो करे लेकिन प्रलोभन या जोर जबरदस्ती कर धर्मांतरण करवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह बस्तर प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को दंतेवाड़ा पहुंचे। यहां पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में जब से कांग्रेस की सरकार आई है, यहां पर धर्मांतरण को बढ़ावा मिला है। बहुत से चर्च बने हैं। सनातन धर्म को पूरी तरह से खत्म किया जा रहा है। नाथुराम गोडसे भारत के सपूतः उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार, केंद्र की योजनाओं को अपना बताती है। प्रधानमंत्री आवास योजना में केंद्र का लोगो नहीं लगाया जाता बल्कि अपना लगाते हैं। नाथुराम गोडसे भारत के सपूत थे। सिंह ने कहा कि गोडसे गांधी जी के हत्यारे हैं तो वे भारत के सपूत भी हैं। उनका जन्म भारत में ही हुआ था। औरंगजेब और बाबर की तरह नहीं थे जिसको बाबर के बच्चे कहलाने में खुशी महसूस होती है, वे भारत माता के सही सपूत नहीं हो सकते। प्रदेश के आबकारी मंत्री द्वारा एक दिन पूर्व दिए गए विवादास्पद बयान और भाजपा नेताओं को अपशब्द कहे जाने के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह से गालियां देना, उनके चरित्र को दशार्ता है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस मामले को संज्ञान में लेना चाहिए।

### मुंबई के डब्बावालों को सस्ते दाम पर घर देगी शिंदे-फडणवीस सरकार

MUMBAI : मुंबई में सेवाभाव की भावना से काम करने वाले डब्बावालों को सस्ते दर पर घर देने का महत्वपूर्ण निर्णय शिंदे-फडणवीस सरकार ने लिया है। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को गृह निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं डब्बावालों के संगठन के प्रतिनिधि की बैठक में यह निर्णय लिया। भाजपा विधायक श्रीकांत भारतीय ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि वर्ष 1890 से मुंबई में सेवा देने वाले डब्बावालों को अपने मालिकाना हक का घर मिले। इस प्रकार की मांग कई वर्षों से थी। इस संबंध में विधानमंडल के पिछले अधिवेशन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखा था। उस वक्त देवेंद्र फडणवीस ने डब्बावालों को घर देने का आश्वासन दिया था। इसी से तहत शुक्रवार को बैठक का आयोजित की गई। बैठक में म्हाडा, सिडको और राजस्व विभाग की ओर से जगह देकर डब्बावालों को सस्ते दर पर घर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। डब्बावालों को काम करने में सुविधा होगी। ऐसे स्थान पर उन्हें घर दिया जाने वाला है। डब्बावालों के घर के मुद्दे को शिंदे-भाजपा सरकार ने अत्यंत संवेदनशील ढंग से लेते हुए सुलझाया इसके लिए विधायक भारतीय ने देवेंद्र फडणवीस का आभार व्यक्त किया है।

# तीखी धूप की चुभन से लोग परेशान अगले चार दिनों तक नहीं मिलेगी राहत

## चल रही लू, 12 जून के पहले राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं

**PHOTON NEWS RANCHI :** तेज धूप और लू से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शुक्रवार को राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में भीषण गर्मी का एहसास किया गया। जहां लोगों को तेज धूप तो परेशान कर ही रही है। वहीं, गर्म हवाओं का असर लोगों को बेहाल कर रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले चार दिनों तक लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। इस दौरान राज्य के अधिकतम जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जायेगा। साथ ही लू का असर भी देखा जायेगा।

शुक्रवार को गोड्डा जिले का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया। सुबह दस बजे 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद देवघर का तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा। पलामू 42.6 डिग्री सेल्सियस, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, साहेबगंज में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची का तापमान इस दौरान 39.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।


भीषण गर्मी में सिर में दुपट्टा बांधकर निकल रहे लोग ● फोटोन न्यूज

**11 जून तक साफ रहेगा मौसम :** 12 जून के पहले राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं है। 11 जून तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। हालांकि इस दौरान कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। लेकिन लोगों को गर्मी उमस से राहत नही मिलने वाली। विभाग की मानें तो 11 जून तक राज्य के पूर्वी और मध्य क्षेत्र में लू का असर देखा जायेगा। लू से मुख्य रूप से दुमका, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, बोकारो, रांची, गुमला, हजारीबाग, खूंटी आदि जिलों में लू का असर देखा जायेगा। विभाग की मानें तो 11 जून से राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। वहीं, 12 जून से पूर्वी दक्षिणी और मध्या इलाकें बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें मुख्य रूप से दुमका, गिरिडीह, पाकुउ, गोड्डा, साहेबगंज, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम आदि जिला शामिल है।

**15 जून से मॉनसून की संभावना :** बीते गुरूवार मॉनसून ने केरल में दस्तक दी है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने तेजी से मॉनसून के बढ़ने की जानकारी दी है। विभाग का अनुमान है कि 15 जून तक मॉनसून गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार तक पहुंच जायेगा।

## BRIEF NEWS

### नमो क्रिकेट कैंप का समापन कल

**RANCHI :** रांची के सांसद संजय सेठ की ओर से आयोजित नमो क्रिकेट कैप का 10 जून को समापन होगा। समापन समारोह में सांसद सहित शहर के कई लोग शामिल होंगे। सांसद ने बताया कि नमो क्रिकेट कैंप का उद्देश्य झारखंड में छिपी प्रतिभा को आगे लाकर उसे निखारना है। रांची में कई ऐसे प्रतिभान खिलाड़ी हैं, जिसे थोड़ा सा मनोबल बढ़ाने और बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जिससे वे अपने राज्य और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इसी उद्देश्य से एक जून से 10 जून 2023 तक शारदा ग्लोबल स्कूल बुकरू (कांके) में 10 दिवसीय नमो क्रिकेट कैप का आयोजन किया गया था। इस क्रिकेट कैंप का संचालन बिहार झारखंड के भूतपूर्व रणजी खिलाडी प्रदीप खन्ना के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ यहां बच्चों को क्रिकेट के बेहतर गुर सिखाया गए। इस क्रिकेट कैप में नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक संजय पोद्दार ने शुक्रवार को बताया रांची के विभिन्‍न स्कूल के 50 बच्चों का चयन किया गया था। प्रशिक्षक प्रदीप खन्ना के देखरेख में बच्चों का चयन किया गया था।

### झारखंड में 64 सीडीपीओ के पद पर होगी नियुक्ति, 27 जून से ऑनलाइन आवेदन

**RANCHI :** झारखंड में 64 बाल विकास पदाधिकारी की रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी। महिला बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधियाचना के बाद झारखंड लोकसेवा आयोग ने इस संदर्भ में विज्ञापन जारी किया है। 27 जून से इसके तहत ऑनलाइन आवेदन जेपीएससी के वेबसाइट के जरिये लिए जायेंगे। 26 जुलाई तक आवेदन लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गयी है। बाल विकास पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति के लिए किसी भी विषय में स्नातक होना जरूरी रखा गया है। बाल विकास पदाधिकारियों को पीबी 2-8300-34800 ग्रेड पे 5400 रुपये नियुक्ति के बाद दिए जायेंगे। ट्रेनिंग की अवधि दो साल की रखी जायेगी। जेपीएससी ने प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सिलेबस भी जारी किया है। 50 फीसदी पद महिलाओं के लिए क्षैतिज आरक्षण के तहत आरक्षित की गयी है। 32 पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। एक पद खेल कोटा, एक पद ब्लाइंड व निशक्तों के लिए दो पद रखे गये हैं।

### बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा को मिला मुख्यमंत्री का आश्वासन

**RANCHI :** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष अजीत उरांव के नेतृत्व में भगवान बिरसा के शहादत दिवस के अवसर पर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर, विस्थापित होने वाले गढा टोली एवं अन्य गांव के सैकड़ों लोग सुबह 8 बजे जुलूस के शक्ल में बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा के बलिदानी दिवस के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर बिरसा चौक में अपने बैनर और मांगों को लेकर दिनभर जमे रहे। शाम 5 बजे के लगभग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्यसभा के सांसद महुआ माजी के भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण करने के बाद विस्थापित रैयतों से मिले और आश्वासन दिया कि सभी विस्थापित रैयतों के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद महुआ माजी विस्थापितों की समस्याओं को लेकर बैठक करेंगी और इनके समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# नामकुम लूटकांड में शामिल आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

## पैसे निकालकर जा रही महिला से लूटे थे पांच लाख


सीसीटीवी में कैद अपराधी।

**CRIME REPORTER RANCHI :** जिले के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित एसबीआई बैंक के पास से बीते नौ जनवरी को पांच लाख रुपये की लूट हुई थी। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस ने इस लूट की घटना में शामिल अनिल को ओडिशा के गंजम से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी के पास से लूट के दो लाख भी बरामद किये गये हैं। ज्ञात हो कि बीते नौ जनवरी को नामकुम चौक स्थित स्टेट बैंक के सामने से बाइक सवार अपराधी बैंक से पैसे निकालकर जा रही महिला से पांच लाख लूटकर फरार हो गये थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई थी। पांच महीने के बाद पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से लूट कांड के एक अपराधी अनिल को ओडिशा के गंजम से गिरफ्तार किया गया है।

### बिट्टू हत्याकांड में पुलिस की छापेमारी जारी

बरियातू पुलिस जमीन कारोबारी तनवीर उर्फ बिट्टू हत्याकांड में लगातार छापेमारी कर रही है लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस को इस मामले में बिडी उर्फ रोहित मुंडा, रोहन श्रीवास्तव, अभिषेक मल्लिक और सुभम विश्वकर्मा की तलाश है। हालांकि पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही इस हत्याकांड का खुलासा कर लिया जाएगा। पुलिस ने कुछ दागी किस्म के युवक और आरोपितों के दोस्तों से पूछताछ की है। पुलिस का कहना है कि तनवीर को गोली मारने में इन्हीं आरोपियों का हाथ है। आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद इस बात की जानकारी मिल पाएगी कि तनवीर की हत्या क्यों की गई। शुरूआती जांच में पता चला है कि तनवीर ने कालू लामा की रेकी की थी इस वजह से कालू लामा गिरोह के सदस्यों ने तनवीर को मार डाला।

## उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रजिस्ट्री कार्यालय का किया निरीक्षण

# जांच के बाद ही करें भू-अर्जन की जमीन की रजिस्ट्री : DC

**PHOTON NEWS RANCHI :** उपायुक्त रांची सह जिला निबंधक रांची राहुल कुमार सिन्हा ने अवर निबंधन कार्यालय, शहरी क्षेत्र स.-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, अवर निबंधन कार्यालय, ग्रामीण क्षेत्र, रांची, अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स.-2 डोरंडा प्रक्षेत्र रांची का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में अपर समाहर्ता रांची, राजेश कुमार बरवार, अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स.-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, रूपेश कुमार सिन्हा एवं अवर निबंधक ग्रामीण क्षेत्र, रांची, मिहिर कुमार, अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स.-2 डोरंडा प्रक्षेत्र, रांची, ओलिवा एक्का एवं संबंधित अधिकारी शामिल थे। उपायुक्त ने अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स.-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, रूपेश कुमार सिन्हा से निरीक्षण क्रम में पूरी जानकारी ली। उपायुक्त ने कार्यालय के संघारित सभी संचिकाओं की जांच एवं भू-अर्जन संबंधित सूची की जांच की गयी। जिसमें उनके द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिस मौजे में भू-अर्जन की कार्रवाई की जा रही है उस मौजे की जमीन का निबंधन स्थल जांच के उपरांत करने को कहा। उपायुक्त ने सबसे पहले अवर निबंधन कार्यालय, शहरी क्षेत्र स.-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अवर निबंधक से पूरी विस्तृत जानकारी ली। यहां निबंधन कराने आये लोगों से मिल कर उनकी समस्या पूछी। तथा उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निबंधन कराने आये लोगों के बैठने की व्यवस्था एवं उनकी सुविधा को सुदृढ कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त रांची, निबंधन वेबसाइट एनजीडीआरएस सॉफ्टवेयर में निबंधन की प्रक्रिया एवं प्रतिबंधित जमीन की सूची से अवगत हुए। संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्य सुचारू रूप से संपादित हो रहें हैं। जिसपर उपायुक्त रांची ने पूरी प्रक्रिया को खुद बारीकी से देखते हुए इसपर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।


रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण करते रांची डीसी ● फोटोन न्यूज

### गैरमजरुआ जमीन का निबंधन ना हो इस पर ध्यान दें अधिकारी

उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गैर मजरुवा जमीन का निबंधन ना हो इसपर ज्यादा ध्यान दें। उन्होंने कर्मचारियों के विरुद्ध आरोप/विभागीय कार्यवाही के बारें जानकारी, रिक्तियों, राजस्व एवं प्राप्तियां, आय-लेखा चालू वित्तीय वर्ष एवं विगत दो वर्षों में विवरणी के अनुसार राजस्व की प्राप्ति चालू वित्तीय वर्ष एवं विगत दो वर्षों में खोज एवं नकल से प्राप्त आय, स्टाम्प शुल्क एवं निबंधन शुल्क में दी गई छूट के मामले, एमभीआर जिला कार्यालयों के लिए, शहरी क्षेत्र भूमि का स्थल निरीक्षण, धारा 47-ए के अधीन रेफर किए गए मामलों के निस्तार, लंबित मामलों के निस्तार के लिए की गई कार्रवाई, व्यय लेखा एवं अंकेक्षण आयकर प्रतिवेदन, लेखा संबंधी अभिलेखों के संधारण की स्थिति, दस्तावेजों का निबंधन, विवाहों का निबंधन, कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों की संख्या एवं उनकी दक्षता की सम्वन्य, विविध पंजियों के संधारण की स्थिति, पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# SMART CITY : 22 विस्थापित परिवारों को मिला 10-10 डिसमिल जमीन का पर्चा

## तीन प्रभावित नहीं आये, उनके घर जाकर भूमि का पट्टा देंगे सीओ

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची स्मार्ट सिटी निर्माण में विस्थापित हुए 25 में से 22 परिवारों को पुनर्वास के लिए शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से 10-10 डिसमिल जमीन का भूमि बंदोबस्ती पर्चा दिया गया। समाहरणालय ब्लॉक अ स्थित उपायुक्त सभागार में सचिव, नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग विनय चौबे की उपस्थिति में पर्चा वितरण किया गया। इस दौरान सूडा निदेशक अमित कुमार, रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता राजेश बरवार समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

**सीएम के निर्देश पर पुनर्वास की व्यवस्था :** विनय चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी को विस्थापित करने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था की गयी है। 25 प्रभावितों को मकान बनाने के लिए 10-10 डिसिमल जमीन का पट्टा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभावितों को अंबेडकर योजना की तर्ज पर जुडको लिमिटेड के सीएसआर फंड से आवास का निर्माण कराया जाएगा। इस पर प्रति आवास 130000 रुपये खर्च होंगे।


10 डिसमिल जमीन का पर्चा सौंपते रांची डीसी ● फोटोन न्यूज

**इन 22 परिवारों को मिला जमीन का पट्टा :** संतोष तिग्गा, गिन्नी कच्छप, पुनीत किस्पोट्टा, अजय कच्छप, संजय कच्छप, मंजू मिंज, अरविंद टोप्पो, सुनील मिंज, राजेश लिंडा, फिलिप मिंज, रुपेश मिंज, चंदा मिंज, जयंत आईन्द, नंदिया मिंज। पिरी कच्छप, धनई कुजूर, मधु एक्का, राम जतन साहू, संध्या आईन्द, सरोज आईन्द, प्रभात एक्का व सुशील मिंज। तीन प्रभावित बुधु अहिर, अमित कच्छप एवं सोमा संगा के उपस्थित नहीं होने के कारण उनसे मिलकर पर्चा उपलब्ध कराने का निर्देश अंचल अधिकारी को दिया गया है।

# हथियार के बल पर बुलेट लूटने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**CRIME REPORTER RANCHI :** नगड़ी थाना पुलिस ने लूटकांड का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में पुदांग निवासी गुड्डू उर्फ सद्दाम और पिठोरिया निवासी रमीज रजा शामिल है। इनके पास से लूटा गया बुलेट घटना में इस्तेमाल किया गया पिस्टल और एक मोबाईल बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बीते सात जून को रोहन राज ने थाने में शिकायत की थी कि वह दोस्तों के साथ बुलेट में नया विधानसभा घूमने गया था। रिंग रोड के पास रात नौ बजे चार अपराधियों ने पिस्टल का भय दिखाकर बुलेट लूट लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। एसपी ने बताया कि गुड्डू उर्फ सद्दाम का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है।


प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते रांची के ग्रामीण एसपी ● फोटोन न्यूज

# रांची सीवरेज-ड्रेनेज योजना के बचे 3 ZONE का काम जल्द शुरू करने का सचिव ने दिया निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची में सीवरेज-ड्रेनेज योजना के बचे हुए तीन जोन का काम जल्द शुरू होगा। नगर विकास विभाग के सचिव विनय चौबे ने जुडको को राजधानी के तीन जोन (जोन 2,3 और 4) की सीवरेज-ड्रेनेज योजना का डीपीआर जल्द तैयार कर काम शुरू करने का निर्देश दिया है। जुडको ने डीपीआर बनाने के लिए एनजेएस कंपनी को कंसल्टेंट नियुक्त किया है। सीवरेज-ड्रेनेज योजना के जोन वन का काम रांची नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है, जबकि जोन 2 से 4 तक का काम जुडको कर रहा है। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित कार्यालय में लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए सचिव ने यह निर्देश दिया। सचिव ने राजधानी के 2 I20 लाख घरों में पानी पहुंचाने के लिए पेयजल आपूर्ति योजना में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। कहा की अगर पाइप लाइन बिछाने में किसी साइट में अड़चन आ रही हो तो अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर योजना पूरी जाए।



**अलबर्ट एक्का-कचहरी चौक सड़क का चौड़ीकरण कार्य जल्द शुरू करें**

सचिव ने अलबर्ट एक्का चौक से चडरी होते हुए कचहरी चौक और स्टेट लाइब्रेरी जाने वाले सड़क के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का काम भी समय पर शुरू करने का निर्देश दिया, साथ ही न्यू मार्केट के विकास एवं सौंदर्यीकरण का काम भी जल्द शुरू करने को कहा। सचिव ने इस बात पर जोर दिया की अगले रामनवमी तक हर हाल में निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर और उसके आसपास के विकास के कार्य को पूरा कर लिया जाये।

**जून 2024 तक धनबाद पेयजलापूर्ति योजना शुरू करने का निर्देश**

सचिव ने जून 2024 तक धनबाद पेयजलापूर्ति योजना से जलापूर्ति शुरू करने का निर्देश दिया। इस योजना से एक लाख से अधिक घरों को पानी मिल पायेगा साथ ही आदित्यपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण का काम भी जून के अंत तक शुरू करा देने को कहा।

## बीएयू में कृषि उपज के विपणन परिदृश्य पर विचार-मंथन का आयोजन, कुलपति बोले-

# राज्य में सब्जी का सरप्लस उत्पादन, चावल का आयात मजबूरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय सभाकक्ष में शुक्रवार को कृषि उपज के विपणन परिदृश्य पर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीडैक, कोलकत्ता टीम के सहयोग से किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने किसानों को सही उपज मूल्य मिलने में कृषि उपज के विपणन परिदृश्य के विभिन्न मुद्दों की ज्वलंत समस्यायों के हल को जरुरी बताया। कहा कि प्रदेश में सब्जी का सरप्लस उत्पाद होता है और चावल का आयात करना पड़ता है। राज्य में कृषि विविधिकरण एवं कृषि उपज विपणन की दिशा में ब्लू प्रिंट तैयार करने एवं खेती कार्य को लाभकारी बनाने में उपज हानि की प्रतिपूर्ति के बारे में सोचना होगा। इस मौके पर पलामू के पूर्व आयुक्त डॉ जटाशंकर चौधरी ने बताया कि कड़ी मेहनत के बावजूद किसानों को कम और बिचौलियों को अधिक आर्थिक लाभ से किसान खेती से पलायन कर रहें है। जो विश्व की सर्वाधिक आबादी वाले भारत देश के लिए अत्यंत चिंता का विषय है। बीएयू द्वारा किसानों के कृषि उपज के विपणन मुद्दों पर विचार-मंथन बेहद सराहनीय प्रयास है। इस मौके पर भारत सरकार के राज्य प्रभारी (डीएमआई) सचिन कुणाल ने किसानों को कृषि उपज के सही मूल्य के लिए कटाई उपरांत तकनीकी पर नित्य पहल कर रहीं है। कोल्ड स्टोरेज, ड्राई स्टोरेज गोदाम आदि मुहैया से किसानों को लाभ होगा। ग्रामीण स्तर पर फार्मर्स प्रोड्यूसर आगेनाईजेशन को सशक्त कर विपणन की समस्यायों का आसानी से हल संभव होगा। कार्यक्रम में डॉ बीके झा ने कृषि उपज के विपणन परिदृश्य के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ सुशील प्रसाद, डॉ डीके शाही, डॉ एचसी लाल, डॉ बिनय कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ नीतू कुमारी, एस जायसवाल आदि भी मौजूद थे।


बैठक में शामिल बिएयू के कुलपति व अन्य ● फोटोन न्यूज

# शादी टूट जाने से परेशान युवती ने की आत्महत्या

**CRIME REPORTER RANCHI :** पुंदाग इलाके में स्थित दशरथ इंक्लेव में रहने वाली युवती श्वेता ने फांसी के फंदे पर झुलकर खुदकशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। पुंदाग पुलिस का कहना है कि श्वेता की बहन शिल्पा के बयान पर यूडी के तहत केस दर्ज किया गया है। बहन ने पुलिस को बताया कि गुरूवार की रात वह किसी काम से घर से बाहर गई थी। बहन वापस लौटी तो देखा कि उसकी छोटी बहने ने अपने कमरे में फांसी लगा लिया है। शिल्पा ने इसकी सूचना पुलिस को दी। शिल्पा ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन की लंबाई कम है। घरवाले बार बार शादी के लिए रिश्ता देख रहे थे लेकिन लंबाई कम होने की वजह से श्वेता की शादी बार बार टूट जा रही थी। इस बात से श्वेता काफी परेशान रह रही थी और डिप्रेशन में चली गई थी। पुलिस का कहना है कि श्वेता के घरवाले बिहार के अरवल जिला में रहते हैं। उन्हें श्वेता की मौत की खबर दे दी गई है। पुंदाग थानेदार विवेक कुमार ने बताया कि घरवालों ने भी बयान दिया है कि शादी नहीं होने की वजह से श्वेता ने खुदकशी कर लिया।

# चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**PHOTON NEWS RAMGARH**

चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ की सहयोगी संस्था डेवनेट से श्री निर्भय कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही उनके द्वारा चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के माध्यम से स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों के प्रति भी जानकारी दी गई।


कार्यशाला में उपस्थित उपायुक्त व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कहा कि माहवारी एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे कि सभी युवतियों और महिलाओं को गुजारना पड़ता है। जागरूकता के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी युवतियों व महिलाओं को कई तरह की बीमारियों/ संक्रमण का सामना करना पड़ता है। वर्तमान समय में भी इस संबंध में लोग बात करने से परहेज करते हैं जबकि माहवारी के दौरान स्वच्छता को नजरअंदाज करना आगे चलकर एक गंभीर रूप ले सकता है। उपायुक्त ने कहा कि माहवारी संबंधित भ्रांतियों को दूर करने व जागरूकता के लिए यह बहुत जरूरी है कि सबसे पहले लोग खुलकर इस पर बात करें।

मौके पर उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित पंचायती राज, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, शिक्षा प्रखंड विकास पदाधिकारियों आदि को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने एवं जमीनी स्तर पर विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों के बीच से माहवारी से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने, माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले कपड़े की स्वच्छता व सैनिटरी पैड के नियमानुसार निष्पादन को लेकर कार्य करने व लोगों को जागरूक करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने कहा कि माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले सैनिटरी पैड को अगर खुले में फेंक दिया जाए या सही तरीके से उसका निस्तारण ना किया जाए तो पैड को पूरी तरह से नष्ट होने में 500 से भी अधिक सालों का समय लगता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए भी माहवारी के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले सैनिटरी पैड का सही निस्तारण बहुत जरूरी है। इसके लिए उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शुरूआती दौर से ही बच्चियों को माहवारी संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी देने व उन्हें जागरूक करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के द्वारा चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो अभियान के तहत अब तक जिले में किए गए कार्यों एवं 12 जून तक ग्रामीण व सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित इन अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी गई वही कार्यशाला के दौरान उपायुक्त के द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों सहित अन्य को माहवारी स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

# बिरसा मुंडा की 123वीं शहादात दिवस पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**PHOTON NEWS RAMGARH**

भाजपा भुरकुंडा मंडल एसटी मोर्चा द्वारा शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 123वीं पुण्यतिथि मनाई गई। एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश टोप्पो के नेतृत्व में भाजपाईयो बिरसा चैक भुरकुंडा पहुंचे। यहां सर्वप्रथम मुख्य अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव ने भगवान बिरसा के प्रतिमा पर श्रद्धांजली अर्पित की। इसके उपस्थित कार्यकर्ताओ ने भगवान बिरसा के प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर श्रद्धांजली दी। मौके पर कुमेल उरांव ने भगवान बिरसा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। साथ ही उनके संघर्ष की गाथा को याद की।


भगवान बिरसा के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपाई। ● द फोटोन न्यूज

कार्यक्रम में भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, दक्षिण प्रमंडलीय सह प्रभारी योगेश दांगी, बुद्धि प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश सिंह, शंकर प्रसाद, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, सुभाष दास, मुखिया अजय पासवान, प्रदीप मांझी, एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री राजेंद्र मुंडा, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बाबूलाल नायक, किसान मोर्चा के अध्यक्ष संतन सिंह, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष देव कुमार सिंह, जनार्दन सिंह, आजाद राम, संदीप ठाकुर, सनी ठाकुर, नरेश जयसवाल, रघुवीर जयसवाल सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

# बिरसा मुंडा को दी गयी श्रद्धांजलि

**PHOTON NEWS RAMGARH**

बिरसा तेरे सपनों को मंजिल तक पहूंचाऐंगे! झारखण्ड निर्माण मजदूर यूनियन, झामस, आदिवासी संघर्ष मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में शहीद बिरसा मुंडा की 124वीं शहादत दिवस पर रामगढ़ के दोहाकातु पंचायत के पीठा दापैन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पूर्व शहीद बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर गांव के बुजुर्ग बिशेश्वर महतो के द्वारा माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर ऐक्टू के अमल घोषाल ने कहा कि बिरसा मुंडा अंग्रेजी सरकार के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने जीवन को बलिदान कर दिए।

उन्होंने आदिवासियों को व्यापक रूप से संगठित कर जल जंगल जमीन की लड़ाई को जारी रखा। आज जल जंगल जमीन पर कारपोरेट कंपनियों का कब्जा हो चुका है। सिएनटी एसपिटी एक्ट कानून के खिलाफ केंद्र व राज्य की सरकारें लगातार निजी कंपनियों के इशारे पर काम कर रही है। लगातार यहां के मजदूर किसान विरोधी कानूनों को संसद में पारित किया जा रहा है। बेतहाशा बढ़ती मंहगाई और बेरोजगारी का मार यहीं के मजदूर किसानों को झेलना पड़ रहा है।

### कुंदरुकलां में भगवान बिरसा की पुण्यतिथि मनाई गई

# धरती आबा भगवान वीर बिरसा मुंडा का देश को आजाद कराने में योगदान रहा: डीएम

**PHOTON NEWS RAMGARH**

कुंदरुकलां पंचायत भवन में शुक्रवार .को भगवान बिरसा की पुण्यतिथि मनाई गई. इस अवसर पर बिरसा भगवान की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। बिरसा भगवान की शहादत को याद करते हुए रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो डीएम और कुंदरुकलां मुखिया किशुन राम मुंडा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर डीएम ने बताया कि आज बिरसा जैसे महान जननायक को याद किया गया और उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया गया।

धरती आबा भगवान वीर बिरसा मुंडा देश को आजाद कराने में उनका योगदान रहा। उनका नारा था अबुआ राज। वही मुखिया ने कहा कि धरती के आबा भगवान बिरसा मुंडा अपने 25 वर्ष के आयु में अपने माटी की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। बिरसा मुंडा के इस बलिदान के कारण उन्हें भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के जनजातीय विद्रोह तथा क्रांति के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। भगवान बिरसा नौजवानों के नेता के रूप में उभरे एवं सभी मुंडाओं को एकत्र कर उन्होंने अंग्रेजों से लगान की माफी के लिए आंदोलन किया।

मौके पर पंचायत भवन में ग्रामीणों के लिए इस कड़ी धूप पर ठंडा पानी पीने के लिए प्यूरिफाइड वाटर कूलर प्याऊ का कुंदरुकलां मुखिया किशुन राम मुंडा, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, पंचायत समिति सदस्य प्रियंका देवी, उप मुखिया मोहराई महतो, ग्राम रोजगार सेवक विजय महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उदघाटन किया. इस मौके पर मुखिया ने कहा कि इस बार गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। ऐसे में जल सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है।

मौके पर सुरेश महतो, प्रदीप नायक, पिंकी देवी, प्रियंका देवी, अनिता कुमारी, सरिता देवी, मालती देवी, अनोखी देवी, गीता देवी, सरस्वती देवी, रीता देवी, वीणा कुमारी, संदीप प्रसाद, जगदेव महतो, पप्पू रविदास आदि लोग उपस्थित रहे।

# गैर इरादतन हत्या मामले में चार दोषियों को आठ-आठ वर्ष कारावास की सजा

**PHOTON NEWS KODARMA**

गैर इरादतन हत्या के मामले में चार दोषियों को आठ-आठ साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है।

सत्रवाद 87/14, जयनगर थाना कांड संख्या 158/13 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को अनिल यादव (28), सुशील यादव (28) रीना देवी (26) एवं प्रमिला देवी सभी जयनगर निवासी को सेक्शन 304 पार्ट 2 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आठ-आठ वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी।

अदालत ने 504 आईपीसी के तहत भी दोषी पाते हुए एक वर्ष सश्रम कारावास, 325 आईपीसी के तहत चार वर्ष सजा सुनाई एवं पांच हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर तीन महीने अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी छह गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जगदीश यादव ने दलीलें पेश की।

# बदमाशों ने झामुमो नेता अब्बास खान को मारी गोली, हालत गंभीर

**PHOTON NEWS BOKARO**

दुग्धा थाना क्षेत्र के दुग्धा बस्ती निवासी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता अब्बास खान (55) को एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। गम्भीर अवस्था में उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने देर रात रिम्स रेफर कर दिया है।

बताया गया है कि गुरुवार रात मोहम्मद अब्बास बाइक से घर लौट रहे थे। इस बीच अपराधियों ने अब्बास को टारगेट करते हुए गोलियां चलाई। अब्बास को दो गोलियां लगी हैं। मौके पर पहुंचे दुग्धा थाना प्रभारी कन्हैया राम ने बताया कि अब्बास को कंधा और पेट में दो गोलियां लगी है। पुलिस ने मौके से खोखा भी बरामद किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# गिरिडीह में खदान में डूबी बच्ची को ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाला

**PHOTON NEWS GIRIDIH**

जिले के हीरोडीह थाना क्षेत्र के भोक्तातांड के बंद पत्थर खदान में शुक्रवार को आठ वर्षीय बच्ची लक्ष्मी कुमारी डूब गई। कुछ घंटे की मेहनत के बाद बच्ची को गहरे पानी से स्थानीय गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बताया गया कि लक्ष्मी कुमारी कुछ महिलाओं के साथ भोक्तातांड पत्थर खदान में नहाने के लिए घुसी थी। वह गहरे पानी में चली गई। आनन-फानन में महिलाओं ने इसकी सूचना गांव में दी। आसपास के ही जानकार गोताखोरों ने गहरे पानी से बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला।

# गोड्डा में मौलाना आजाद कॉलेज के प्राचार्य की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**PHOTON NEWS GODDA**

जिले के बसंतराय स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद कॉलेज के प्रिंसिपल की अपहरण के बाद अपराधियों ने हत्या कर दी। शुक्रवार सुबह प्रिंसिपल डॉ नजीरुद्दीन का शव महगामा दियाजोरी के बीच पाया गया। नजीरुद्दीन का क्षेत्र में काफी नाम था। वे राजनीतिक रूप से भी सक्रिय थे।

घटना में संलिप्त शाकिर को पुलिस ने अपहरण में उपयोग किये काले रंग की गाड़ी के साथ पकड़ा लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपहरण कर हत्या की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि कॉलेज विवाद में मोहम्मद नजीरुद्दीन का अपहरण किया गया और हत्या कर दी गयी। शाकिर ने पुलिस को बताया कि इसमें उसके भाई एवं परिजनों की भी संलिप्तता है। पुलिस ने इस घटना में संलिप्त मो. शाकिर उर्फ चुन्ना, अमन राज और कपिल देव दास को हिरासत में लिया गया है। अन्य लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

बताया जाता है कि प्रिंसिपल डॉ नजीरुद्दीन गुरुवार शाम को गाड़ी से बिहार के धोरैया से अपने गांव बसंतराय की ओर आ रहे थे। इस बीच झारखंड-बिहार सीमा पर कोरियाना पुल के पास हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने उनकी गाड़ी को रोका और अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गये। अपराधियों ने प्रिंसिपल के ड्राइवर को भी धमकी दी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो जान मार देंगे।

करीब दो घंटे के बाद ड्राइवर ने घटना की जानकारी प्रिंसिपल के घरवालों को दी, जिसके बाद पुलिस और परिजनों ने नजीरुद्दीन की काफी खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। इसी दौरान शुक्रवार सुबह नजीरुद्दीन का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और जांच-पड़ताल शुरू की।

# ब्राउन शुगर के साथ चार गिरफ्तार


ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार अपराधी। ● द फोटोन न्यूज

चतरा जिले की सदर थाना पुलिस ने अवैध ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपितों में मोहम्मद साजिद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद छोटू और मोहम्मद आलम शामिल है। इनके पास से एक ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और दो टुकड़ा एलमुनियम का पन्नी बरामद किया गया है।

एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सदर थाना क्षेत्र के नउवा टोली में एक एस्बेस्टस की दुकान के समीप कुछ व्यक्ति बैठकर ब्राउन शुगर खरीद -बिक्री और पीने -पिलाने का काम कर रहे हैं। सूचना के बाद छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) भुरकुंडा शाखा की भुरकुंडा प्रबंधन के साथ हुई एजेंडा बैठक

# मजदूरों का हित सर्वोपरि, इससे कोई समझौता नहीं : नरेश मंडल

**PHOTON NEWS RAMGARH**

यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन (एटक) भुरकुंडा कोलियरी शाखा के साथ शुक्रवार को भुरकुंडा कोलियरी प्रबंधन के साथ 41 मुद्दों को ले एजेंडा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक ने की। वैठक में मुख्य रूप से कोल फेडरेशन एवं झारखण्ड राज्य एटक के केंद्रीय सचिव सह जेसीएससी सदस्य नरेश मंडल, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य विकास कुमार, शाखा सचिव लखेन्द्र राय, केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य अनुज कुमार उपस्थित थे।

मौके पर केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने कहा कि कर्मचारियों और मजदूरों का हित सर्वोपरि है। इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में 41 मुद्दे भुरकुंडा कोलियरी को विधिवत चालू करने, सेवानिर्वित कर्मचारियों को समय पर ग्रेच्युटी, सीएमपीएफ एवं पेंशन भुगतान करने, कोलियरी स्तर की पीसीसी वेलफेयर हाउसिंग आदि समितियों की बैइक बैठक नियमित रूप से कर उसे सक्रिय कर उसका लाभ आमजन तक पहुचाने, कर्मचारियों के आवासों की पेयजल व्यवस्था, आवास मरम्मती कराने, कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति देने, कर्मचारियों को घर भाड़ा भत्ता देने, श्रमिक क्लब निर्माण करने, मयूर स्टेडियम का सुंदरीकरण व लाइट की समुचित व्यवस्था करने, भुरकुंडा कोलियरी के सभी कॉलोनियों की सड़को की मरम्मती, नाली और छाई सफाई, जर्जर तोरो को बदलने और सभी कॉलोनियों में लाइट की व्यवस्था करने, भीड़ वाले जगहों पर टावर लाइट लगाने, वर्षो से एक जगह पर संवेदन शील पद पर काम कर रहे कर्मचारियों का स्थानांतरण, भुरकुंडा हॉस्पिटल में दवा, ब्लीचिंग, फिनाइल, आदि की व्यवस्था करने, सभी पेयजल आपूर्ति टंकियों में सफाई कराने, कर्मियों को जूता, टोपी, तौलिया, ड्रेस कोड की व्यवस्था करने, भुरकुंडा हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड और डिजिटल एक्सरे मशीन लगवाने आदि मुद्दों पर गंभीर और सकारात्मक चर्चा की गई। जिसमें प्रबंधन ने अपनी सहमति जताते हुए, संबंधित विषयों एवं मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।


बैठक में उपस्थित यूनियन व प्रबंधन के लोग। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में प्रबंधन प्रतिनिधि की ओर से आरके वर्णवाल, जॉन सिह, डॉ. एचके सिंह, सतीश कुजूर, अंकुर विश्वास, महली, रामकुंजल महतो एवं यूनियन प्रतिनिधि की ओर से रंजीत कुमार, सुनील सिह, अशोक राम, प्रेम सिह, कैलाशपति सिंह, ठुप्पा भुइयां, सुरेन्द्र महतो, परदेशी, नागेन कुमार, चंद्रदेव कुमार, बुलटेंन सिह, मंजूर, उमेश कुमार, विजय कुमार, विजय शंकर, यादव, अनिल सिह, अरुण अग्रवाल, जोगेंद्र ठाकुर, कलाम अंसारी, अजमूल, विकास कुमार, जुगल साव, राजकिशोर यादव, रीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## BRIEF NEWS

### पलामू में कार से तस्करी की 62 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**PALAMU :** जिले की हरिहरगंज पुलिस एवं उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने एनएच 98 इंटर स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब लदी एक कार (जेएच 01 एसी 1668) को जब्त किया है। तलाशी लेने पर वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। मौके से वाहन चालक बिहार के गया जिले के गुरारू थाना के देवकुली गांव निवासी उदय कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक संजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सारी शराब बिहार तस्करी कर ले जाई जा रही थी। कार में कुल 62 पेटी में 180 एमएल के 2976 बोतल रॉयल ब्लू व्हिस्की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है।

### उपायुक्त ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**RAMGARH :** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री नीतीश कुमार, अपर समाहर्ता श्री नेल्सम एयोन बागे एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा पुष्प एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

### सेनेगडा की मंडा पूजा कल, तैयारी पूरी

**RAMGARH :** आज डाड़ी प्रखंड के रबोध पंचायत के सेनेगडा में मंडा पूजा समिति का बैठक हुई ,जिसकी अध्यक्षता मंडा पूजा के अध्यक्ष श्यामलाल मांझी ने किया जबकि संचालन पूजा समिति के उपाध्यक्ष मनिकलाल महतो ने किया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आगामी 11 जून को सेनेगडा में शांति पूर्वक मंडा पूजा होगा। मंडा पूजा समिति के सभी सदस्यों द्वारा कहा गया है कि मंडा पूजा लगाने के लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। इस ऐतिहासिक मौके पर पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि संजुल मांझी, अध्यक्ष श्यामलाल मांझी, उपाध्यक्ष मनिकलाल महतो, सचिव प्रमेश्वर महतो,सह सचिव दिनेश उर्फ दिलीप कुमार महतो, कोषाध्यक्ष मंगल मुंडा, वार्ड सदस्य संदीप मुंडा, कार्यकारणी सदस्य बिहारी महतो, मोहारलाल महतो, सुखलाल महतो, बाजीराम महतो, रोहित महतो,सरजू मांझी, दुर्गा मांझी, सुखदेव मांझी,उना मांझी,लक्ष्मण मांझी,कमल कुमार महतो,चिन्तामनी महतो, जुगेश्वर मुंडा,रामू महतो, शंकर महतो, आंनद कुमार,सोहदर पहान, नारायण महतो,गुजराल मुंडा,टेकलाल प्रसाद, नितेश कुमार महतो, एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### चर्चित गोला गोली कांड आईपीएल की आंदोलनकारी फुदला देवी की आकस्मिक निधन, शोक व्यक्त

**RAMGARH :** चर्चित गोला गोली कांड आईपीएल कि आंदोलनकारी फुदला देवी का गुरुवार को आकस्मिक निधन रिम्स रांची में इलाज के दौरान हुआ। फुदला देवी ने क्षेत्र के किसान मजदूर विस्थापित एवं यहां के जन समस्याओं को लेकर गोला आईपीएल आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा और अपनी भागीदारी रखी थी. उनके निधन से आंदोलन साथी रहे आंदोलनकारियों में काफी दुख एवं शोक संवेदना प्रकट किया गया. उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है इस दुख की घड़ी में सभी साथियों ने उनके परिवार को ढांढस बांधते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें उनका नाम क्षेत्र में लोग एक आंदोलनकारी और साहसी औरतों के नाम पर लोग जानेंगे उनके दुख की घड़ी में शोक प्रकट करने वाले में नागरिक चेतना मंच के अध्यक्ष सुनील राज चक्रवर्ती, राजीव जायसवाल, ममता देवी, बजरंग महतो, जिम्मी चक्रवर्ती, जया चक्रवर्ती, शीला चक्रवर्ती, अनुष्का कुमारी, लली सोनी, गोपाल रजवार, वासुदेव प्रसाद, लाल बहादुर महतो, लक्ष्मी देवी कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### रोटेरियन आरपी राणा के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का हुआ आयोजन, दी गई श्रद्धांजलि

**RAMGARH :** रोटरी भुरकुंडा के सक्रिय सदस्य आरपी राणा का हृदय गति रुक जाने से गुरूवार को देहांत हो गया। उनके निधन से पूरा रोटरी क्लब परिवार शोकाकुल है। रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा ने दिवंगत आरपी राणा के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने बताया की दिवंगत आरपी राणा की तबियत अचानक खराब हो गई। जिन्हे रांची मेदांता में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान गुरूवार शाम उनकी मौत हो गई। उनके पैतृक आवास बड़कागांव स्थित पत्र आखुर्द गांव में शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर प्रवीण शर्मा, परमजीत सिंह धामी, राम अवतार प्रसाद, रवि सचदेवा, अजय गोयल, श्रीकांत गुप्ता, विजय कुमार, भूपिंदर सिंह, देवेंदर सिंह, धनंजय अग्रवाल, सुषमा शर्मा, अशोक शर्मा, मुख्तार सिंह, श्रीकांत गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सुनील कुमार, उमेश रजक, समरेंदर शाह, अशोक अग्रवाल, नरेंद्र सिन्हा, अशोक लाल, एस्ट्रो शर्मा, रिंकी अग्रवाल, नरेन्द्र कौर, नीतू सचदेवा, चन्दर शेखर अग्रवाल, राजेंदर चावला आदि ने शोक संवेदना प्रकट की।

### आदिवासी समाज के लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**RAMGARH :** भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर कोयलांचल के जनप्रतिनिधि, आदिवासी समाज के लोगों ने शुक्रवार को क्षेत्र में स्थापित भगवान बिरसा के प्रतीमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आदिवासी समाज पतरातू के संरक्षक देवनंदन बेदिया, सचिव उमेश करमाली, सक्रिय सदस्य तुलसी बेदिया, शशि करमाली, बैजनाथ बेदिया, बिक्रम करमाली ने क्षेत्र के भुरकुंडा बिरसा चैक, पटेल नगर करमाली टोला, रिवर साइड बिरसा स्थल में स्थापित प्रतिमा में श्रद्धांजलि अर्पित कीं। साथ बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकलप लिया। मौके पर समाज के लोगों ने भगवान बिरसा के संघर्ष और बलिदान को याद किया ।और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### बासल के तुमल टोंगरी में भगवान बिरसा मुंडा की मनी पुण्यतिथि, बताए मार्ग पर चलने का लिया गया संकल्प

**RAMGARH :** जिंदल ए गेट स्थित तुमल टोंगरी में शुक्रवार को भगवान वीर बिरसा मुंडा की सहादत दिवस मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान, त्याग को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। मौके पर बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा ने वीर बिरसा की तरह जल, जंगल, जमींन की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। साथ ही अपने हक-अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही। मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि बिरसा मुंडा के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसब का दायित्व है। मौके पर पूर्व पार्षद झरी मुंडा, पूर्व मुखिया विजय मुंडा, कुरसे मुखिया संदीप उरांव पूर्व मुखिया रामदास बेदिया, प्रिंस बेदिया, देवनारायण मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### दोतल्ला पंचायत में याद किए गए भगवान बिरसा मुंडा, पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धाजंलि

**RAMGARH :** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में शुक्रवार को मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर रिभर साईड भुरकुंडा स्थित बिरसा चैक में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बिरसा मुंडा के जीवनी में प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग में चलने का आहवान किया। साथ ही मुखिया ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के अधूरे सूपनो को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व मुखिया लव कुमार महतो, प्रेमी सलोमी तिर्की, राधा देवी, शकुंतला देवी, इसरत जहां, संजय कुमार, सुनील वर्मा, भरत, संजु भटचार्य, ललकु मुंडा, कृष्णा साव सहित कई लोग शामिल थे।

# खड़े ट्रक को SHIV SHAKTI बस ने पीछे से मारी टक्कर, 2 की मौत

## बिहार से जमशेदपुर आ रही थी बस, 25 से अधिक घायल, एमजीएम में चल रहा इलाज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** बिहार से जमशेदपुर आ रही शिव शक्ति बस शुक्रवार की सुबह कांदरबेड़ा के पास एनएच 33 पर खड़े ट्रक से टकरा गई। जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि करीब 25 से अधिक लोग घायल हैं।

सभी घायलों को इलाज के लिए जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल ले जाया गया है जिसमें से कई की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। \

मिली जानकारी के अनुसार बस की गति काफी तेज थी और उसने सामने खड़े ट्रक को सीधे टक्कर मार दिया। यह टक्कर इतना तेज था कि इसकी आवाज करीब आधे किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इससे बस का पूरा अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर होने के साथ ही पूरे बस में चीख-पुकार मच गई जिसे स्थानीय लोग पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया जिसमें कई बच्चे भी शामिल हैं।


दुर्घटनाग्रस्त बस • फोटोन न्यूज

वहीं ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस कि जिस ट्रक से टक्कर हुई है वह रोड के बिल्कुल साइड में खड़ी थी ऐसे में यह हो सकता है कि सुबह होने की वजह से बस चालक को झपकी आ गई हो जिससे बस अनियंत्रित होकर सामने खड़ी ट्रक से टकरा गया।

हालांकि लोगों ने यह शिकायत की कि पूरे रोड के किनारे बड़ी संख्या में ट्रक अव्यवस्थित ढंग से खड़े रहते हैं जिससे इस प्रकार की दुर्घटना होने की स्थिति बनी रहती है।

# MGM में ढहने लगा 800 सीट का ऑडिटोरियम

**Jamshedpur:** डिमना चौक स्थित एमजीएम मेडिकल कालेज में 800 सीट का ऑडिटोरियम ढहने लगा है। ऑडिटोरियम के अंदर फाल्स सीलिंग टूट कर गिर रहा है। जबकि स्टेज भी धंस गया है। इससे कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के निर्देश पर 800 सीट का अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण वर्ष 2016 में कराया गया था। तब कालेज के प्रिंसिपल डा. एएन मिश्रा थे और इसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया था, लेकिन उसके कुछ ही माह के बाद यह ऑडिटोरियम बंद हो गया। चूंकि फाल्स सीलिंग टूटकर गिरने लगा। इसके साथ ही स्टेज भी धंसने लगा। वहीं, एमबीबीएस छात्रों के लिए कॉलेज परिसर में खेलने का मैदान भी नहीं है। जबकि एनएमसी के मानकों में आडिटोरियम व खेल का मैदान होना अनिवार्य है। एनएमसी के निर्देश पर ही ये दोनों चीज का निर्माण किया गया था। लेकिन अब दोनों में ही पेंच फंस गया है। अगर, जल्द ही इसका समाधान नहीं निकाला गया तो एनएमसी सख्त कदम उठा सकती है। ऐसे में एमबीबीएस की सीट घट सकती है। इसे लेकर कालेज प्रबंधन काफी परेशान दिख रहा हैं।



**विभाग से की गई शिकायत :** एमजीएम मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. केएन सिंह का कहना है कि ऑडिटोरियम को लेकर कई बार विभाग को पत्र लिखा गया है लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई है। वहीं, एमबीबीएस छात्रों के लिए खेल के मैदान का निर्माण एलएंडटी कंपनी द्वारा किया जाना है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक रूख नहीं दिखा है।

## BRIEF NEWS

### गंगाधर पांडा ने नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के कुलपति पद का लिया प्रभार

**Jamshedpur:** स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रो गंगाधर पांडा ने गुरुवार को प्रभार ग्रहण किया। गुरुवार को दोपहर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एम. एम. सिंह ने प्रो गंगाधर पांडा को प्रभार सौंपा। इस अवसर पर नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।




प्रभार ग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद कुलाधिपति एम. एम. सिंह ने नए कुलपति को शुभकामनाएं दीं वहीं प्रो पांडा ने भी नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय के शैक्षिक गुणवत्ता को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की बात कही। प्रो गंगाधर पांडा इस से पहले कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के कुलपति रहे है। साथ ही उन्हें 40 साल का शिक्षण और प्रशासनिक अनुभव है। प्रो गंगाधर पांडा ने कहा कि वो अपनी क्षमता से आगे बढ़कर विश्वविद्यालय के हित में काम करेंगे। नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय अपने नए कुलपति का स्वागत करता है।

### 36 स्कूलों को डीईओ कार्यालय ने जारी किया नोटिस

**Jamshedpur:** जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा बुलाए गए समीक्षा बैठक में शामिल नहीं होने पर जिले के 36 स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालयों को शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। डीईओ कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में सभी स्कूलों को 24 घंटे के अंदर अपना जवाब देने को कहा गया है। डीईओ निर्मला कुमारी बरेलिया ने कहा कि जवाब मिलने के बाद इन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि 6 जून को डीईओ कार्यालय में इन स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की थी इसमें बोर्ड परीक्षा परिणाम के मूल्यांकन के साथ ही कई आम बिंदुओं पर स्कूलों से जानकारी ली गई थी। विभाग की ओर से इस बैठक में सभी स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालयों को शामिल होने को कहा गया था। लेकिन इसके बाद भी 36 स्कूल बैठक में शामिल नहीं हुए। इसे विभागीय आदेश का अवहेलना मानते हुए विभाग ने नोटिस जारी किया। यह बैठक माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के आदेश पर बुलाई गई थी जिसमें स्कूलों के मैट्रिक परीक्षा परिणाम का मूल्यांकन कर उसकी रिपोर्ट निदेशालय को भेजनी थी। लेकिन बैठक में आधे से अधिक स्कूलों के शामिल नहीं होने से रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी।

### मानगो शहरी सीएचसी में 83 गर्भवती की हुई जांच



**Jamshedpur:** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शुक्रवार को मानगो शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं का एंटीनेटल चेकअप किया गया। इस दौरान 83 गर्भवती महिलाओं का, टीबी, हीमोग्लोबिन, शुगर, सिफलिस, यूरिन जांच, एचआईवी जांच, हेपेटाइटिस का जांच किया गया। इसके बाद कैल्शियम और आयरन की दवा का भी वितरण किया गया। वहीं, गर्भवती महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. कांति, लोक स्वास्थ्य प्रबंधक सुमन कुमार मंडल, एएनएम प्याली महतो, आशा टेटे, रूबी महतो, लैब टेक्नीशियन शिवनाथ गोराई, नागेश्वर मुर्मू, फार्मासिस्ट ढोल गोविंद बेरा सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसएसपी ने किया कॉमन लेक्चर प्वाइंट का उद्घाटन

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** गोलमुरी स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार को कॉमन लेक्चर पॉइंट का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर के एसएसपी प्रभात कुमार उपस्थित थे। उन्होंने फीता काटकर सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि पहले छोटे छोटे कार्यक्रमों के लिए टेंट आदि की व्यवस्था यहां किया जाता था, लेकिन अब इस कॉमन लेक्चर पॉइंट के बन जाने के इसकी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहां तमाम मीटिंग एवं छोटे समारोह का आयोजन किया जा सकेगा। एसएसपी ने पौधारोपण कर सभी से पर्यावरण संरक्षण की अपील भी की। कहा कि हर व्यक्ति को जब भी मौका मिले पौधरोपण करना चाहिए पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी है। कार्यक्रम में सिटी एसपी के विजय शंकर समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# शहर वासियों ने किया धरती आबा भगवान BIRSA MUNDA को याद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** शहर भर में शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस मनाया गया विशेष रूप आदिवासी जनजाति मूल के लोग अपने क्षेत्र में स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर उनको सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया इस अवसर पर जमशेदपुर के कई समाजिक व राजीनीतिक संगठनों ने साकची गोलचक्कर के पास स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित किया इस अवसर पर सभी ने बिरसा मुंडा के पदचिन्हों पर चलने की बात कहीं

**सीतारामडेरा में जनजातीय जागृति मंच कार्यक्रम का किया आयोजन :** सीतारामडेरा स्थित सामुदायिक केंद्र प्रांगण में टाटा स्टील फाउंडेशन एवं जनजातीय जागृति मंच के संयुक्त तत्वाधान में शहादत दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गयो कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रबंधक पद पर कार्यरत निकिता टोप्पो, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पदाधिकारी सीतारामडेरा सामुदायिक केंद्र चंद्रशेखर मुर्मू उपस्थित थे।

### बिरसा मुंडा के उलगुलान ने क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणा का कार्य किया : डॉ. आर के चौधरी



**Jamshedpur:** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि के अवसर पर आज बिरसा मुंडा कम्पिटीशन अकादमी, एलबीएसएम कॉलेज द्वारा महाविद्यालय के वर्चुअल सभागार में उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने कहा कि बिरसा मुंडा हमारे देश के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। महात्मा गांधी के राजनीतिक परिदृश्य पर आने से पूर्व उन्होंने अंग्रेजों को जबर्दस्त चुनौती दिया। आजादी के आंदोलन में आदिवासियों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही है। बिरसा मुंडा के 'उलगुलान' ने उनके बाद के क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणा का कार्य किया। ब्रिटिश हुकूमत की साजिशों और निर्ममता के कारण वे कारागार में ही शहीद हो गए। लेकिन आज आदिवासी जनसमुदाय उन्हें 'धरती आबा' और भगवान का दर्जा देता है। उनसे शक्ति ग्रहण करता है। वे अन्याय-अत्याचार-शोषण और गुलामी के विरुद्ध प्रतिरोध के प्रतीक हैं। हमारे छात्रों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# अधिक गर्मी से बच्चे चक्कर खाकर गिर रहे स्कूल में

## भीष्मावकाश की अवधि बढ़ाई जाए या विद्यालय अवधि को सुबह 10 बजे तक किया जाए:शिक्षक संघ

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला प्रशासन से ग्रीष्मावकाश में बढ़ोतरी की मांग की है। संघ का कहना है कि ग्रीष्मावकाश के बाद सरकारी विद्यालय खुल गए हैं तथा वर्तमान समय में विद्यालयों का संचालन प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया जा रहा है वर्तमान समय में सुबह 11:00 बजते ही तपती गर्मी पड़ने लगती है। अनेक विद्यालयों में बच्चों के चक्कर खाकर गिरने तथा बेहोश होने की खबरें निरंतर आ रही हैं इस उमस भरी गर्मी में सुबह 7:00 बजे छोटे बच्चों को सुबह स्कूल बुलाकर ठीक आग उगलती दोपहर 1:00 बजे छुट्टी देकर घर भेजना कदापि उचित नहीं है। सरकारी विद्यालय में अधिकांश छात्र गरीब घर से आते हैं जो सुबह खाली पेट दो-तीन किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल आते हैं। इस चिलचिलाती धूप के चपेट में आने से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव दिखना शुरू हो गया है । आज पूरे झारखंड प्रदेश में गोड्डा शहर के बाद जमशेदपुर दूसरा सबसे गर्म शहर है जहां का तापमान 43.6 पर पहुंच गया है। वर्तमान परिपेक्ष्य में जिले के माननीय उपायुक्त महोदया एवं स्वास्थ्य सह आपदा एवं प्रबंधन विभाग के मंत्री ,झारखंड सरकार से झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम का विनम्र निवेदन है कि इस विकट स्थिति में जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों के प्रति स्थिति की गंभीरता के दृष्टिगत गर्मी छुट्टी मानसून के आने तक बढ़ाया जाए या विद्यालय संचालन अवधि प्रातः 10:00 बजे तक ही करने की अनुमति देने की कृपा की जाए।


गर्मी से बेहोश छात्रा • फोटोन न्यूज

# 5 हजार भक्तों के बीच वितरित होंगे तिरुपति लड्डू के प्रसाद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** आंध्र भक्त श्री राम मंदिर बिस्टुपुर में चल रहे समन्वय 54 वां ब्रह्मोत्सव के तहत भगवान बालाजी के कल्याण पूजा की तैयारी जोर शोर से हो रही है इसके लिए मंदिर परिसर में भव्य मंडप का निर्माण कराया जा रहा है सजावट से लेकर डेकोरेशन का काम भी तेजी से किया जा रहा है पंडाल में कुल 5 हजार भक्तों के बैठने की व्यवस्था की गई है कल्याणम पूजा को विशेष बनाने के लिए मंदिर समिति कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती पूजा की सारी रीति रिवाज पारंपरिक दक्षिण भारतीय रीति रिवाज से किया जा रहा है इससे पहले शुक्रवार की सुबह मंदिर प्रांगण में पुजारियों द्वारा भगवान बालाजी की नित्यकतला पूजा किया गया इसके बाद अभिषेकम और ध्वजा अवरोहण पूजा किया गया पूजा के दौरान पुजारियों द्वारा देर तक वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। इस अवसर पर दक्षिण भारत से आये पुजारियों ने पारंपरिक धुन बजाते रहे। शुक्रवार शाम 6 बजे भगवान बालाजी को नगर भ्रमण कराते हुए कदमा स्थित बैकुंठधाम मंदिर ले जाया जायेगा। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी पी. कुमार ने बताया कि कल्याणम पूजा में भगवान बालाजी और माता लक्ष्मी के विवाह की सारी तैयारियां हो चुकी है पूजा के लिए विशेष रूप से तिरुपति से पुजारियों को बुलाया गया है पूजा में विशेष रूप से गोत्र के साथ पूजा किया जायेगा। इस अवसर पर भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में तिरुपति के लड्डू वितरण किया जायेगा। समिति के पदाधिकारी दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि लगभग 5 हजार लड्डू भक्तों में वितरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूजा में कल्याणम के लिए बुकिंग शुरू हो चुका है अबतक हजार से अधिक भक्त सूची में नाम दर्ज करा चुके है उन्होंने कहा कि और भी ज्यादा भक्तों के आने के अनुमान है भक्तों की पूजा के लिए रजिस्ट्रेशन शुक्रवार 9 जून की रात मंदिर बंद होने से पूर्व तक किया जायेगा । उन्होंने बताया कि इस बार का कल्याणम पूजा में पहली बार इतने संख्या में भक्त आयेंगे। कहा कि 5 हजार भक्तों को गोत्र के साथ पूजा करने की प्रावधान किया गया है। सभी सूचीबद्ध भक्तों को 4 बड़े एवं छोटे लड्डू के साथ भगवान बालाजी की कांसे की बनी छोटी मूर्ति एवं हल्दी कुमकुम, वस्त्र के पीस वितरण किया जायेगा। भगवान बालाजी के प्रसाद निर्माण के लिए विशेष तैयारी की गई है उन्होंने बताया कि बालाजी को चढ़ने वाले लड्डू को कुशल कारीगर के द्वारा बनाया जा रहा है इसके लिए अलग से रसोई की व्यवस्था की गई है साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। प्रसाद बनाने के लिए बेसन, किसमिस, मक्खन, काजू, इलायची समेत कई प्रकार के ड्राई फ्रूटस का इस्तेमाल किया गया है।



## मगरमच्छ के रहने के लिए नए तालाब बनाने की कवायद शुरू, दो महीने में हो जाएगा तैयार

# TATA ZOO में मगरमच्छ, शेर व बाघ के लिए बहुत जल्द बनकर नए बाड़े हो जायेंगे तैयार

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** पशु प्रेमियों के लिए टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क द्वारा जू को और आकर्षक बनाया जा रहा है इस आने वाले कुछ ही दिनों में टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में बहुत कुछ नया देखने को मिलेंगे यह बदलाव पशु प्रेमियों को बहुत आकर्षित करेगा आगामी दिनों में टाटा स्टील द्वारा मगरमच्छ शेर व बाघ के लिए एक बड़े बाड़े का निर्माण करने जा रही है फिलहाल मगरमच्छ के एक विशाल व बड़े तालाब का निर्माण तेजी से चल रहा है, जो लगभग 2 महीनें में बनकर तैयार हो जायेगा। दर्जनों की संख्या में मजदूर लगातार काम कर रहे हैं।

पशु प्रेमियों की सुविधा के लिए इस बाड़े के लिए नए रास्ते भी बनाये जा रहे है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो सके। वर्तमान में यह काम दूसरे चरण में चल रहा है। पहले चरण में क्रोकोडाइल के बाड़े के लिए विशाल व गहरे तालाब की खुदाई की जा चुकी है जिसका पक्कीकरण का काम तेजी से किया जा रहा है। मजदूर और जेसीबी से लगातार काम चल रहा है। जू प्रबंधन हर हाल में बरसात के पहले इसका निर्माण कार्य पूरा करना चाहती है फिलहाल क्रोकोडाइल वहीं पुराने स्थान पर ही है। यह काम टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क कायाकल्प का काम नव वर्ष लगातार चल रहा है। यह काम जानवरों के सुरक्षा की दृष्टि से की जा रही है। क्योंकि पिछले वर्ष नदी में बाढ़ आ जाने से मगर, शेर व बाघ जैसे जानवरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा थो उनकी जान माल की रक्षा के लिए टाटा स्टील द्वारा यह कदम उठाया गया है इसके अलावे शेर और बाघ के वर्तमान बाड़े के नजदीक सड़कों से काफी शोर व वाहनों के तेज आवाज आते है, ऐसे में इन वन्य प्राणियों को काफी प्रभावित होते है इन्हें वन्य के अनुकूल बाड़े बनाने के लिए जू प्रबंधन लगातार काम कर रही है।



टाटा स्टील द्वारा जू के बाड़े का कराया जा रहा निर्माण • फोटोन न्यूज

**जू के नए स्वरूप से पशु प्रेमियों में बढ़ा आकर्षण :** जूलॉजिकल पार्क का स्वरूप पहले से अब बहुत कुछ बदल चुका है टाटा स्टील इस पार्क को राष्ट्रीय स्तर का बनाना चाहती है 2023 के शुरू में ही टाटा स्टील ने जैव विविधता के संरक्षण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स्टील सिटी के निवासियों को पुनर्निर्मित टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क समर्पित किया थो उस दौरान टाटा स्टील के सीईओ व टीवी नरेंद्रन, टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी (ळरेर) यूनियन के अध्यक्ष, चाणक्य चौधरी उपस्थित थे उस दौरानचिड़ियाघर के एंट्रेंस व 'पुनर्निर्मित' पार्क का उद्घाटन भी किया गया था। जू के नए एंट्रेंस बन जाने से दर्शकों को चिड़ियाघर में आने के लिए अलग मार्ग से आना पड़ रहा है।

**जू में पशु प्रेमियों के लिए कई सुविधा उपलब्ध :** जू प्रबंधन द्वारा आमजनो के लिए अपने चार और दोपहिया वाहनों को पार्क करने की सुविधा के साथ सुरक्षित निकास की सुविधा दी गई है। इसमें अतिरिक्त रूप से चार्जिंग स्टेशनों के साथ स्मारिका ई-कार्ट, दुकान की सुविधा है वहीं जू कर्मचारियों के लिए चेंजिंग रूम,रेस्ट रूम, एवी रूम, ई-टिकटिंग सुविधा, सीसीटीवी सर्विलांस आदि सुविधा है इसके अलावे जू के एंट्रेंस द्वार के पास ही एक सुंदर फाउंटेन पार्क देखने को मिलता है जो दर्शकों को खूब लुभाती है

**टाटा स्टील द्वारा 1992 में जू को शहरवासियों को किया था समर्पित :** टाटा स्टील द्वारा अपने शहर वासियों के को 1992 में जूलॉजिकल पार्क का उपहार दिया थो ताकि यहाँ के लोग देश विदेश के जंगली जानवरों को देख सके` साथ ही शहर वासियों में जैव विविधता संरक्षण की जागरूकता बढ़ सके जू का निर्माण लगभग 30 वर्ष पूरे हो चुके है, तब से बहुत कुछ पार्क में बदलाव आ चुका है टाटा स्टील ने वनों और वन्य जीवन के संरक्षण की आवश्यकता पर लोगों की जागरूकता बढ़ाने के प्रयास लगातार करता आ रहा है जू के निर्माण की अवधारणा लोगों को वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए किया गया थो प्रति वर्ष चिड़ियाघर में औसतन 4 लाख से अधिक पशुप्रेमि आते है। जू जमशेदपुर के प्रमुख आकर्षणों में से एक है।

**जू के मुख्य आकर्षण**

घड़ियाल, मगर, सांप, भालू ,ग्रे लंगूर; बोनट मकाक; रीसस मकाक और मैनड्रिल्स।

शेर, बाघ और तेंदुआ और लकड़बग्घे, हॉग हिरण; सांभर और चित्तीदार हिरण, ब्लैकबक, नीलगाय आदि है इसके अलावे पुस्तकालय और संग्रहालय, जानवरों के चिकित्सा के लिए अल्ट्रासाउंड; पैथोलॉजि, पशु पोषण प्रयोगशाला, सर्जिकल रूम आदि की सुविधा है।

## केंद्र को घेरने का चक्रव्यूह हुआ व्यर्थ, अब क्या करेगा विपक्ष?

एक खबर आई और देखते ही देखते सब कुछ बदल गया। हमलावर विपक्ष के हाथ से रेत की तरह मुद्दा फिसल गया। भाजपा के विरोधियों ने केंद्र की मोदी सरकार को बृजभूषण के बहाने घेरने के लिए झूठ का कितना बड़ा महल खड़ा किया, वह अब सभी के सामने आ गया है। दावे इतने किए गए कि पहलवान तो पहलवान कई राजनीतिक पार्टियां, अपने को किसान संगठन कहनेवाले अनेक दल मुद्दे को पकड़कर भागने की दौड़ में लग गए थे। देखें, आखिर जीतता कौन है ! इस पूरे प्रकरण की शुरूआत इस साल 18 जनवरी को हुई थी, जब देश के नामी रेसलर बंजरग पुनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचे और भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर तानाशाही करने एवं भेदभाव के आरोप लगाए। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीत चुकी विनेश फोगाट को पूरे देश ने रोते हुए देखा था। इन लोगों के साथ उन तमाम मोदी विरोधी आन्दोलन जीवियों को भी देखा गया था, जोकि हर उस आन्दोलन में दिखाई देते रहे हैं जो किसी न किसी रूप में केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या भाजपा के विरोध में किए गए । विनेश फोगाट ने आरोप लगाया, बृजभूषण सिंह और कोच महिला पहलवानों का यौन शोषण करते हैं। जब हम इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं तो हमें ये धमकाते हैं। उन्हें खेल के दौरान पर्याप्त सुविधाएं नहीं दी जाती। यहां तक कि ओलंपिक में खिलाड़ियों को फिजियो तक नहीं मिलता है। जिस नाबालिग पहलवान को आगे कर बृजभूषण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था, जिसके लिए देश की महान खिलाड़ी भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ₹क्वीन ऑफ ट्रैक एंड फील्ड₹ पीटी उषा से जंतर मंतर पर पहलवानों के समर्थकों ने बदतमीजी, धक्का-मुक्की की। यहां तक कि पहलवानों की एक समर्थक महिला ने उन पर थप्पड़ तक चला दिया, जैसा की मीडिया रिपोर्ट्स में आया भी । जिसके बाद उनकी डबडबाई आंखों वाली तस्वीरें देश और दुनिया ने भी देखीं । फिर शुरू होता हुआ दिखा जंतर मंतर पर एक के बाद एक विपक्षी नेताओं का जमावड़ा । कभी खाप पंचायतों को तो कभी देशद्रोही तत्वों को जंतर मंतर पर देखा गया। "मोदी तेरी कब्र खुदेगी, हमें चाहिए आजादी" जैसे नारे भी लगे । यहां से केंद्र को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गई और खाप पंचायतों ने दिल्ली को ट्रैक्टरों से पाट देने की धमकी दी। प्रियंका गांधी के बहाने कांग्रेस, आप जैसी राजनीतिक पार्टियां इस मुद्दे को भुनाने के लिए सबसे आगे दिखीं। प्रियंका गांधी की अपील आई कि पहलवानों का साथ दें । इसी बीच धरना स्थल जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने भी खिलाड़ियों का समर्थन किया। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने खुलकर केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ₹हमारे पहलवानों को पीटा गया और प्रताड़ित किया गया। मैंने पहलवानों से बात की और उन्हें अपना समर्थन दिया, हम उनके साथ हैं। ₹ ममता बनर्जी ने पहलवानों के प्रदर्शन को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। कांग्रेस नेता और हरियाणा से राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा भी पहलवानों में सबसे आगे वाली पंक्ति में दिखे। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ऐसे में भला कैसे पीछे रहनेवाली थीं, वह भी इस मुद्दे में कूद गईं। उन्होंने इस प्रकरण में लापरवाही बरतने के आरोप में दोषी पुलिस अफसरों तक पर एफआईआर करने की सिफारिश भेज दी। किसान नेता राकेश टिकैत ने तो दो जून को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में खाप की बैठक के बाद ऐलान ही कर दिया था कि "केंद्र सरकार के पास नौ जून तक का समय है। हम बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी से कम पर कोई समझौता नहीं करेंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो हम नौ जून को जंतर-मंतर जाएँगे और देश भर में पंचायत करेंगे। पहलवानों पर लगे मुकदमे वापस हों और बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी हो।" इस आन्दोलन को शशि थरूर का भी साथ मिला और न जानें कितने दिग्गज नेताओं का साथ मिला है कि उसके लिए लिखने के शब्द भी कम हैं। इस तरह से वे सब कुछ तरह-तरह के प्रयास किए गए कि कैसे हम मोदी सरकार को घेर सकते हैं और उस पर दबाव बना सकते हैं। किंतु अब क्या ? इस पूरे प्रकरण की हवा निकल गई है। बृजभूषण शरण सिंह को लेकर याद आता है वह समय,जब उन पर ये आरोप लगाए जा रहे थे, तब उन्होंने साफ कर दिया था कि अगर ये आरोप साबित हो गए तो वो फांसी पर लटकने को तैयार हैं। उन्होंने खुद पर लगे सभी आरोपों का खंडन किया था और आज उनकी बात सत्य साबित हुई है। वस्तुतः बृजभूषण शरण सिंह साल 2011 से ही भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। वह पहलवानों को समर्थन दे रहे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंदर हुड्डा को भी एक अध्यक्ष पद के चुनाव में हरा चुके हैं। उन्होंने भारतीय कुश्ती संघ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। आखिर फिर क्या मामला था जो उनका इतना विरोध किया गया? देखा जाए तो इसमें गहरी राजनीति छिपी हुई है। कुश्ती संघ के नियम कहते हैं कि कोई व्यक्ति अधिकतम तीन बार अध्यक्ष रह सकता है। जोकि बृजभूषण सिंह पूरे कर चुके हैं। अब भले ही वे महासंघ में अध्यक्ष नहीं बने किंतु उनके दबदबे को देखते हुए उनका कोई समर्थक ही अध्यक्ष बनेगा, जैसा कि सबसे अधिक प्रबल संभावना है। इसलिए उनके विरोधी चाहते थे कि किसी भी तरह से उनकी गिरफ्तारी हो जाए । कुश्ती संघ के अध्यक्ष का चुनाव होते वक्त वे जब सामने मौजूद ही नहीं रहेंगे तो स्वभाविक तौर पर चुनाव पर उनका प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं पड़ेगा । लेकिन अब उस बेटी के पिता ने ही आगे आकर पूरे मुद्दे की हवा निकाल दी है, जिसने कि बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाए थे। ऐसे में अब पहलवानों के इस आन्दोलन का कोई अर्थ नहीं रह जाता है।

# एमएसपी अच्छा कदम, फिर क्यों सितम

ANALYSIS



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है।**

केंद्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। देखा जाए तो एक दशक पहले यानी कि 2010-11 की तुलना में एमएसपी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है तो कृषि लागत में भी बढ़ोतरी हुई है। खरीफ फसलों में वैसे तो सबसे अधिक तिल की एमएसपी में 805 और मूंग के भावों में 803 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि चाहे धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास सभी के भावों में लागत से 50 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी की गई है। अच्छी बात यह मानी जा सकती है कि अब केंद्र सरकार द्वारा बुवाई आरंभ होने से पहले ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी की सरकारी खरीद की न्यूनतम दर तय कर देती है। बावजूद इसके किसान संगठन नाखुश रहते हैं। इनकी नाखुशी का बड़ा कारण यह होता है मंडी में खरीद ठीक ढंग से नहीं होती। होना यह चाहिए सरकारी खरीद पर कोई ना नुकर नहीं कर पाए। इस तरह की व्यवस्था पहले से ही तय हो जाए तो एमएसपी का अन्नदाता को पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। दरअसल यक्ष प्रश्न यह है कि सरकारी खरीद कब से आरंभ हो और किस जिंस की हो। खरीफ अनाज यानी बाजरा, रागी, मक्का आदि का न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने के लिए किसानों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बहुत अधिक जोर देने पर बाजरा की खरीद कभी तो आरंभ हो जाती है व कभी बंद हो जाती है। सवाल यह है कि जब सरकार एमएसपी घोषित करती है तो उसी दिन यह व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जानी चाहिए कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी राशि तो काश्तकार को मिले ही मिले। इसके लिए उसे किसी की ओर ताकना नहीं पड़े। किसान आंदोलनों के दौरान महत्वपूर्ण विवाद का कारण एमएसपी व्यवस्था जारी रखने की गॉरन्टी को लेकर है। सरकार का दावा रहा है कि एमएसपी व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो रही है। दरअसल एमएसपी व्यवस्था को लेकर एक खासतौर से विवाद की स्थिति बनी हुई है। किसानों को कम से कम उनकी



लागत का पूरा मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घठित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है। अब हरियाणा सरकार भी केरल की तरह सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फामूर्ला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। एमएसपी की सिफारिश करते समय सीएसीपी द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों में फसल के अनुसार प्रति हेक्टेयर लागत, खेती के दौरान अन्य खर्चों, भण्डारण की स्थिति, विदेशों में उपलब्धता आदि पैमाने पर आकलन कर प्रत्येक फसल की एमएसपी की सिफारिश की जाती है। 2004 में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने 2018-19 में उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक मूल्य घोषित करने का निर्णय किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा एमआईएस यानी कि बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत एमएसपी के दायरे में नहीं आने वाली फसलों की खरीद की व्यवस्था करती आई है। लहसुन की खरीद, प्याज की खरीद आदि इसका उदाहरण है। देश के अधिकांश प्रदेशों में एमएसपी पर खरीद व्यवस्था का विश्लेषण किया जाए तो कुछ दशकों पहले तक स्थितियां बिल्कुल अलग रही हैं। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के माध्यम से व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब राजस्थान प्रमुख सरसों उत्पादक प्रदेश था। इसके कारण प्रायः एक साल छोड़कर दूसरे साल एमएसपी की खरीद की आवश्यकता महसूस होती थी। बाजार व्यवस्था का अध्ययन करें तो यह सामान्य धारणा व वास्तविकता थी कि बाजार में जब भी किसी फसल के भाव एमएसपी से नीचे आने लगते तो राज्यों के मार्केटिंग फेडरेशनों द्वारा खरीद की घोषणा करते हुए बाजार में भावों में हल्की तेजी तो तत्काल देखने को मिल जाती थी। इसी तरह से एमएसपी पर खरीद शुरू करने के समय यह माना जाता था कि अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक खरीद होते होते बाजार में उस फसल के भाव एमएसपी के बराबर या अधिक आ जाएंगे और वास्तविकता तो यह रही कि दस से 15 प्रतिशत तक खरीद होते होते मण्डियों में भाव लगभग एमएसपी के आसपास आ ही जाते थे। पर करीब एक दशक से स्थितियों में तेजी से बदलाव आया है। यही कारण है कि इस तरह के उदाहरण आम है कि कई स्थानों पर उस क्षेत्र में कुल पैदावार से भी अधिक की खरीद एमएसपी पर देखने को मिल जाती है। दरअसल पंजाब, हरियाणा आदि की तरह अब कुछ स्थानों पर अन्यों के माध्यम से खरीद होने लगी है और इस दखल का सीधा परिणाम आए दिन शिकायतों के रूप में देखा जा सकता है। इस समय जरूरत यह है कि केन्द्र व राज्य सरकारें एमएसपी व्यवस्था को फुल प्रूफ बनाएं। व्यवस्था में सेंध लगाने वालों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया जाए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति और गलाकाट प्रतिस्पर्धा

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण देश के प्रमुख कोचिंग हब बने राजस्थान के कोटा में तो अक्सर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती ही रहती हैं। अब नामी-गिरामी इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में भी छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बढ़ते मामले समाज को झकझोरने लगे हैं। छात्रों में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सरकार के साथ-साथ समाज को भी गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने हेतु पर्याप्त है। कुछ मामलों में परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी छात्र हताश होकर जान देने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी दुखद घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता तथा शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने छात्रों के समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है। कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में तो सीटें बहुत होने के कारण अब बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा होने लगी है, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों में सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अब जबरदस्त मारामारी होने लगी है। ऐसे में छात्र अपनी शिक्षा और भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में रहते हैं। किसी को करियर या नौकरी की चिंता है तो कोई पारिवारिक वित्तीय संकट से जूझ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखें तो जहां 2020 में देशभर में कुल 12526 छात्रों ने आत्महत्या की, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 13089 हो गया। वैसे आत्महत्या की यह समस्या अब केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह समूचे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा तो काफी चिंताजनक है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब भी कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आसपास मौजूद लोगों तथा परिजनों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे व्यक्ति अथवा युवा को इमोशनल, मेंटल या फिजिकल जैसी भी जरूरत हो, सहयोग करें, उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें ताकि वह व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता। जहां तक छात्रों की बात है तो छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों के लिए कहीं न कहीं अभिभावक भी दोषी हैं। दरअसल अधिकांश मामलों में देखने को मिलता है कि ज्यादातर माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों की क्षमता और अभिरुचि को सही ढंग से नहीं समझ पाते और उनसे जरूरत से ज्यादा अपेक्षा रखते हुए परीक्षा के समय भी उनकी मनोदशा से अनभिज्ञ रहते हैं। कई मामलों में ऐसे छात्र जरूरत से ज्यादा मानसिक दबाव के कारण गलत कदम उठा बैठते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों को मानसिक दबाव से बाहर निकालने में सबसे बड़ी भूमिका अभिभावकों, करीबी लोगों और शिक्षकों की ही हो सकती है, जो उन्हें सहानुभूति पूर्वक समझाएं कि किसी भी विफलता से उनके जीवन का निर्धारण नहीं होता और हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपनी क्षमतानुसार मेहनत करके भी सफलता की बुलंदियों को छू सकते हैं। हालांकि सरकार, सामाजिक संस्थाओं शिक्षण संस्थानों की ओर से हाल के वर्षों में छात्रों की काउंसिलिंग के साथ उनकी पढ़ाई में मदद करने तथा जरूरत महसूस होने पर चिकित्सकीय परामर्श मुहैया कराने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने विदेशी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए उनके समर्पण और सेवाभाव को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



संयुक्त बिहार के समय प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य,पूर्वी सिंहभूम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष, बस्ती विकास समिति के संस्थापक श्री जय नारायण सिंह अस्वस्थ हैं। सुबह उनसे मिलने टाटा मोटर्स अस्पताल गया,डॉक्टर से उनकी सेहत का हाल जाना। दृढ़ इच्छाशक्ति क धनी जय नारायण जी शीघ्र स्वस्थ होंगे।

**(चिधायक सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**



अयोग्य, नकारे, अक्षम, तानाशाह और अज्ञानी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सदा चरण बंदना करने वाले कांग्रेसी विधायक इरफान अंसारी भी कह रहे हैं कि झारखंड की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इस स्वीकारोक्ति के लिए इरफान जी को धन्यवाद।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# महंगाई पर नजर

शायद यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूरी है कि उसकी प्राथमिकता महंगाई पर काबू पाने की होती है। महंगाई से त्रस्त जनमानस राजनीतिक बदलाव से भी गुरेज नहीं करता है। इस साल कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों और आम चुनावों की तरफ बढ़ते देश में सरकार की प्राथमिकता महंगाई नियंत्रण होना लाजिमी ही है। जिसकी झलक देश के केंद्रीय बैंक के वीरवार को सामने आए फैसले में नजर आई। केंद्रीय बैंक ने विकास के बजाय महंगाई नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता बताया है। यही वजह है कि रिजर्व बैंक ने अपनी मुख्य दरों में कोई बदलाव नहीं किया। बैंक की लगातार दूसरी बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया ताकि उपभोक्ताओं की ईएमआई पर कोई असर न पड़े। उल्लेखनीय है कि अप्रैल में हुई बैठक में भी नीतिगत दरें स्थिर रखी गई थी। इस बार भी रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की दो दिनों तक चली बैठक के बाद गुरुवार को गवर्नर शक्तिकांत दास ने स्वीकारा की चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर निर्धारित लक्ष्य चार प्रतिशत से ऊपर रह सकती है। वहीं उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का भरोसा जताया। साथ ही कहा कि शहरी व ग्रामीण मांग का मजबूत बना होना अर्थव्यवस्था के लिये अच्छा संकेत है। फिर भी अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति के पांच फीसदी से अधिक रहने का अनुमान है। इस आकलन की एक वजह यह भी है कि मौसम संबंधी अनिश्चितता ऐसे पूर्वानुमानों को प्रभावित कर सकती है। बैंक का मानना है कि यदि मानसून सामान्य रहता है तो महंगाई रिजर्व बैंक के अनुमानों के अनुसार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप ही रह सकती है। कुछ आर्थिक जानकार केंद्रीय बैंक के निर्णय को सकारात्मक रूप से समायोजन की दिशा में उठाया गया कदम बता रहे हैं। उनका मानना है कि हाल-फिलहाल बाजार की इच्छा के अनुसार ब्याज दरों में वृद्धि नहीं की जायेगी। आकलन है कि वैश्विक आर्थिक स्थितियों तथा मानसून के सामान्य रहने पर केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती कर सकता है। निस्संदेह, मौजूदा वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच यदि भारत का आर्थिक व वित्तीय क्षेत्र लचीला बना हुआ है तो यह मजबूत आर्थिक ढांचे को ही दशार्ता है। कुल मिलाकर बैंक ने आम उपभोक्ताओं की चिंताओं का ही निदान किया है। लेकिन एक बात साफ है कि केंद्रीय बैंक विकास के जोखिम के बजाय महंगाई के जोखिम को अपना प्राथमिक लक्ष्य बना रहा है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन के चलते ही केंद्रीय बैंक के मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के प्रयास सिरे चढ़ते नजर आ रहे है। जो अब सहिष्णुता की सीमा के निकट नजर आती है। जिसके चलते देश में सकारात्मक आर्थिक परिदृश्य नजर आ रहा है। तभी आगामी वित्तीय वर्ष के लिये जीडीपी के 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। बहरहाल, केंद्रीय बैंक ने मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग के बाद देश के लोगों को यह भरोसा दिलाया है कि नीतिगत दरों में बदलाव न करने के बावजूद न तो लोन महंगे होंगे और न ही उन्हें अधिक ईएमआई चुकानी पड़ेगी। यही वजह है कि केंद्रीय बैंक ने महंगाई नियंत्रण के अपने अस्त्र रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया, क्योंकि रेपो रेट बढ़ाने के बाद बैंक अपना ऋण महंगा कर देते हैं। इतना तो तय है कि आरबीआई अभी महंगाई को लेकर चिंतित है। फिलहाल मुद्रास्फीति की अनुमानित दर को 5.2 फीसदी से घटाकर उसने 5.1 किया है। आरबीआई गवर्नर के उस बयान से महंगाई को लेकर चिंता जाहिर होती है जिसमें उन्होंने इस पर अर्जुन की नजर बनाये रखने की जरूरत बतायी है। उन्होंने यह भी माना कि यात्रा का अंतिम चरण हमेशा कठिन ही होता है। बाजार के जानकार मान रहे हैं कि वर्तमान में कम होती महंगाई और विकास की स्थिर दर के चलते आगामी वित्तीय वर्ष में नीतिगत दरों में कमी की जा सकती है।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



-जल है तो जीवन है। इस बात को जानते सब हैं लेकिन सिर्फ जानने से काम नहीं चलेगा। इस विषय पर गंभीर, बहुत ही गंभीर होने की जरूरत है। सामान्य नियम है कि लेन-देन बराबर होना चाहिए। धरती से जितनी जरूरत हो, उतना जल लेना होगा लेकिन उसकी भरपाई कैसे हो, इसके बारे में कौन सोचेगा। राजधानी के गली-गली में वाटर प्लांट के कारण जल का दोहन हो रहा है। गर्मी बढ़ते ही यह प्लांट एक-एक दिन में हजारों लीटर पानी निकाल कर बेच रहे है। घरों की बोरिंग सूखने के बाद एक बड़ी आबादी इन पर आश्रित हो चुकी है। शहर के हर गली-मुहल्ले में ऐसे प्लांट जरूर मिल जाएंगे। इन प्लांटों के संचालन में नियमों का कितना पालन किया जा रहा है इसके बारे में किसी को नहीं पता। बस, पानी मिल जाए। जरूरत पूरी हो जाए, इसके आगे किसी को सोचने की जरूरत नहीं। शहर के दर्जनों इलाकें में जल स्तर नीचे चला गया हैं। जिस कारण घरों की बोरिंग सूख गई हैं। जलस्तर नीचे जाने का एक प्रमुख कारण घर-घर बोरिंग भी है। व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी बड़े पैमाने पर राजधानी में भू-जल का दोहन कर रहे हैं। नियमानुसार व्यावसायिक बोरिंग के लिए सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड से परमिशन लेना पड़ता है। लेकिन राजधानी क्षेत्र से सिर्फ 472 प्रतिष्ठानों ने ही बोरिंग के लिए परमिशन लिया है। समय रहते इसपर न केवल विचार किया जाना चाहिए बल्कि पानी की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए करो या मरो की तरह अभियान चलाने की जरूरत है। सिर्फ खानपूरी से काम नहीं चलनेवाला।

**दयानंद मिश्रा, अध्यक्ष क्षेत्रीय जनविकास परिषद।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# डब्ल्यूटीसी फाइनल: भारत की बल्लेबाजी पूरी तरह फ्लॉप, ऑस्ट्रेलिया को मिली 173 रनों की बढ़त

**लंदन। (एजेंसी)।** अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर के बीच सातवें विकेट की साझेदारी की बदौलत भारत को तीसरे दिन कुछ हद तक शर्म से बचा लिया। इस जोड़ी ने 145 गेंदों पर 109 रन जोड़े। हालांकि, दूसरे सत्र में स्टैंड ज्यादा देर तक टिक नहीं पाया और अजिंक्य रहाणे पैट कमिंस के हाथों 89 रन पर आउट हो गए। ठाकुर ने संघर्ष किया और 51 रनों की अर्धशतकिय पारी खेली। भारत 296 पर ऑल आउट हो गया और ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों की पहली पारी की बढ़त ले ली है। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस ने तीन जबकि स्कॉट बोलैंड और मिशेल स्टार्क ने दो-दो विकेट लिये।

लगभग 18 महीने के बाद टीम में वापसी कर रहे रहाणे ने सूझबूझ से बल्लेबाजी करने के साथ खराब गेंदों को सीमा रेखा के पार भेजा और दौड़ कर रन भी चुराये। भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 151 रन से आगे से की और पहले सत्र में उसे इकलौता झटका श्रीकर भरत (पांच रन) के रूप में लगा। भरत बीते दिन के अपने स्कोर में कोई इजाफा किये बिना दिन की दूसरी गेंद पर स्कॉट बोलैंड का दूसरा शिकार बने। रहाणे और शारदुल ने इसके बाद मजबूत जज्बे से बल्लेबाजी की। भारतीय पारी के 42वें ओवर में कमिंस की गेंद पर शारदुल दो बार चोटिल हुए। दोनों बार गेंद उनके दायें हाथ पर लगी और टीम के फिजियो को मैदान पर आना पड़ा।




## फ्रेंच ओपन 2023: जिस खिलाड़ी को मैदान पर उतरने से डॉक्टर ने किया था मना, वो अब ग्रैंड स्लैम जीतने से एक कदम दूर



**पेरिस(एजेंसी)।** फ्रेंच ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में कैरोलिना मुचोवा ने फाइनल मुकाबले में पहुंच कर इतिहास रच दिया है। कैरोलिना मुचोवा ने पैर में समस्या के बावजूद मैच प्वाइंट बचाया और शानदार खेल दिखाया। कैरोलिना मुचोवा ने सेमीफाइनल मुकाबले में ऐसा धमाकेदार खेल खेला कि वह एरिना सबालेंका को हराने में सफल हुई।

**ऐसा रहा था मुकाबला**

गैरवरीय कैरोलिना मुचोवा ने पैर में समस्या के बावजूद मैच प्वाइंट बचाया और वापसी करते हुए आखिरी पांच गेम भी जीते जिससे गुरुवार को वह एरिना सबालेंका को हराकर फ्रेंच ओपन के महिला एकल फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। कैरोलिना ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ 7-6 (5), 6-7 (5), 7-5 की जीत के साथ पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाली सबालेंका तीसरे सेट में 5-2के स्कोर पर मुकाबला जीतने से सिर्फ एक अंक दूर थी लेकिन इसके बाद उन्होंने 24 में से 20 अंक गंवाए और मुकाबला हार बैठीं। चेक गणराज्य की 26 साल की कैरोलिना ने इस तरह शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2021 में था जब वह सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहीं थी।

## पाकिस्तानी बच्चे को हरभजन ने दिया आटोग्राफ

**लंदन। (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां ओवल मैदान में जारी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 (डब्लयूटीसी) फाइनल को देखने पाकिस्तानी क्रिकेट प्रशंसक भी पहुंचे हैं। उन्हीं में से एक छोटे से पाक प्रशंसक



ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह से ऑटोग्राफ मांगा, जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। वैसे तो भारत-पाक के बीच जबरदस्त तनाव है पर क्रिकेट प्रशंसक दोनो ही टीमों के खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हैं। वही बात एक बार फिर साबित हुई है।

यह छोटा सा बच्च व्हीलचेयर पर बैठा था और हरभजन उसे अपना ऑटोग्राफ दे रहे हैं। इस पूरी घटना का एक भावुक वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशाल स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टीव स्पिथ और ट्रेविस हेड शतकीय पारियां खेलीं। हेड ने 163 बनाए, जबकि स्मिथ ने 121 रनों की पारी खेली। वहीं डेविड वॉर्नर और एलेक्स कैरी अर्धशतक पूरे नहीं कर पाये। वॉर्नर ने 43 और कैरी ने 48 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद सिराज ने सबसे अधिक 4 विकेट।

## स्पेशल ओलंपिक्स दल के सदस्यों का हुआ सम्मान , 12 जून को जर्मनी रवाना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पेशल ओलंपिक्स के लिए इसी माह 12 जून को जर्मनी रवाना होने वाले दल के सदस्यों का गुरुवार को नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में सम्मान किया गया। इसमें भारतीय दल के लिए टॉर्च रन और राष्ट्रीय सेंड-ऑफ सेरेमनी आयोजित की गयी। स्पेशल ओलंपिक्स जर्मनी के बर्लिन शहर में 17 से 25 जून 2023 तक होंगे।

भारत इसमें अपना 198 एथलीट्स का दल भेजेगा। 12 जून को बर्लिन रवाना होने वाले भारतीय दल के एथलीट्स इस इवेंट में 16 खेलों की स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। एथलीट्स के साथ उनके जोड़ीदार और 57 कोच भी जाएंगे।

इन दल के लिए आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सेंड-ऑफ सेरेमनी की प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थी। कई अन्य हस्तियां भी इस समारोह में शामिल हुईं।

यह समारोह दो भागों में बंटा हुआ था। इसके लिए मशाल 26 मई को दिल्ली से निकली और विभिन्न शहरों में होकर लौटी। यह मशाल हरियाणा आई, जहां के एथलीट्स इसे देश की राजधानी लेकर आए। ये हरियाणा के वो एथलीट्स हैं, जो स्पेशल ओलंपिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस मशाल को भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने स्पेशल ओलंपिक्स भारत के अधिकारियों के साथ प्राप्त किया। मशाल समारोह का समापन खेलमंत्री ठाकुर के भाषण के साथ समाप्त हुआ।

इस दौरान ठाकुर ने स्पेशल ओलंपिक्स में भाग ले रहे सभी एथलीट्स को अपनी शुभकामनाएं दी। ठाकुर ने कहा, मैं डॉक्टर मलिका नड्डा और स्पेशल ओलंपिक्स भारत को शुभकामनाएं देता हूं। इनके प्रयासों के कारण ही हम बर्लिम में इतना बड़ा भारतीय दल भेज पा रहे हैं। 198 एथलीट्स, एकीकृत साझेदार और 57 कोच भारत के 23 विभिन्न शहरों से आए और 16 खेलों में हिस्सा लेंगे। मुझे उम्मीद है कि हमारे एथलीट्स शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रौशन करेंगे।

समारोह के दूसरे भाग में स?मृति ईरानी प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर बॉलीवुड गीतकार और कंपोजर व स्पेशल ओलंपिक्स भारत गुडविल एम्बेस्डर सोनू निगम, पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और डॉक्टर स्टीफन ग्रैबहर भी मंच पर उपस्थित रहे। इन्होंने अपनी उपस्थिति से एथलीट्स को प्रोत्साहित किया। बता दें कि 12 जून को बर्लिन रवाना होने वाला भारतीय दल भी इस मौके पर उपस्थित रहा।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस दौरान एथलीट्स को प्रोत्साहित किया। ईरानी ने कहा, स्पेशल ओलंपिक्स भारत एथलीट्स देश का गर्व है। आज मेरे लिए गर्व की बात है कि स्पेशल ओलंपिक्स भारत एथलीट्स की सेंड ऑफ सेरेमनी का हिस्सा बनने का आमंत्रण मिला। मैं सभी माता-पिता का विशेष धन्यवाद करना चाहती हूं। मैं सभी एथलीट्स से कहना चाहती हूं कि देश के 1.3 अरब लोगों की शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज ने भी इस मौके पर एथलीट्स के लिए प्रेरणादायी बातें कहीं। युवराज ने कहा, मुझे यहां आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद। हर बच्चा देश के लिए बराबरी से विशेष है। ये सभी एथलीट्स हमारे लिए विशेष हैं। आप बर्लिन में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। किसी खिलाड़ी के लिए देश का प्रतिनिधित्व करने से बड़ा सम्मान और गर्व और कुछ नहीं। हम आपको शुभकामनाएं देते हैं कि आप बर्लिन में स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड समर गेम्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके देश को गौरवान्वित महसूस कराएं।

## एकदिवसीय विश्वकप कप में खेल सकते हैं न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज बोल्ट : कोच

वेलिंगटन। न्यूज़ीलैंड के कोच गैरी स्टेड ने कहा है कि तेज़ गेंदबाज़ ट्रेंट बोल्ट इस साल के अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप में खेल सकते हैं। स्टेड के अनुसार बोल्ट ने टी20 लीग खेलने के लिए बोर्ड का केन्द्रीय अनुबंध नहीं किया है पर उन्होंने 'आकस्मिक खेल समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इसी के आधार पर उन्हें टीम में जगह मिल सकती है। स्टेड को उम्मीद है कि भारत में अक्टूबर में शुरू होने वाले विश्व कप में बोल्ट और औरी टिम साउदी साथ मिलकर गेंदबाजी करेंगे। स्टेड ने कहा, बोल्ट के साथ हमारी सकारात्मक बातचीत हो रही है, उसने संकेत दिया है कि वह विश्व कप के लिये उपलब्ध है। उन्होंने कहा, हमारे दृष्टिकोण से, वह विश्व के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय गेंदबाजों में से एक है, इसलिए चोट के अलावा मुझे नहीं लगता कि कोई चीज़ उसे टीम से बाहर रखेगी। बोल्ट ने भी आईपीएल के दौरान कहा था कि वह एकदिवसीय विश्वकप में अपनी टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। बोल्ट दुनिया के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय गेंदबाजों में से एक हैं, जिन्होंने इस प्रारूप में 187 विकेट लिये हैं। इसके अलावा इस गेंदबाज ने टी20 क्रिकेट में भी 74 विकेट लिए हैं। पिछले साल केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद बोल्ट को इस साल इंग्लैंड और श्रीलंका के विरुद्ध खेली गयी टेस्ट श्रृंखलाओं में शामिल नहीं किया गया था हालांकि उन्होंने गत वर्ष टी20 विश्व कप में खेला था। स्टेड ने कहा कि बोल्ट अगले साल दक्षिण अफ्रीका और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखलाओं के लिये न्यूजीलैंड की टेस्ट टीम में वापसी कर सकते हैं।

## रहाणे ने टेस्ट क्रिकेट में 5000 रन पूरे किये




लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपने 5000 रन पूरे करने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की। रहाणे ने कैमरन ग्रीन की गेंद पर दो रन लेने के साथ ही अपने पांच हजार रन पूरे किये। अब उनके टेस्ट करियर में 39.22 की औसत से 5020 रन हो गये हैं, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में पांच हजार रन बनाने वाले 13वें भारतीय खिलाड़ी हैं। रहाणे ने डेढ़ साल बाद टीम में वापसी करते हुए ये रन बनाये हैं। उन्हें जनवरी 2022 में भारत की टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। रहाणे जब बल्लेबाजी करने उतरे तब भारत ने अपनी पहली पारी में 50 रन पर तीन विकेट खो दिये थे। उन्होंने विराट कोहली और रवींद्र जडेजा के आउट होने के बाद भी बल्लेबाजी जारी रखते हुए शार्दुल ठाकुर के साथ शतकीय साझेदारी करके भारत को संभाला।

# विनेश ने पूछा, डर और दहशत के माहौल में बेटियों को कैसे मिलेगा न्याय ?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला पहलवान विनेश फोगाट का एक ट्वीट आया है। इसमें विनेश ने कहा है कि जिस प्रकार डर और दहशत का माहौल अभी है। उसमें महिला खिलाड़ियों को किस प्रकार न्याय मिलेगा यह एक बड़ा सवाल है। एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता विनेश भी बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के साथ ही कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के धरने का नेतृत्व करने वालों में शामिल थी। विनेश का ये ट्वीट 'नाबालिग लड़की के बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को वापस लेने के बाद आया है। इसी नाबालिग लड़की की शिकायत के आधार पर बृजभूषण के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। विनेश ने ट्वीट किया, ''क्या डर और दहशत के माहौल में बेटियों को मिलेगा न्याय? वहीं उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''इंसाफ की इस लड़ाई में हो रही देरी की वजह से कहीं इन बेटियां का हौंसला ही समाप्त न हो जाये। साथ ही कहा कि भगवान सभी को हिम्मत दें। वहीं इससे पहले नाबालिग पहलवान के पिता ने कहा कि उन्होंने बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप इसलिए लगाए क्योंकि वह उनसे बदला लेना चाहते थे। वह अंडर 17 एशियाई चैंपियनशिप के ट्रायल में अपनी बेटी की हार के लिए बृजभूषण को दोषी मानती थीं।



## अगले चार माह तक टेनिस से दूर रहेंगी एमा

लंदन। ब्रिटेन की टेनिस स्टार एमा राडुकानू सर्जरी के कारण अगले कुछ महीनों के लिए टेनिस कोर्ट से दूर रहेंगी। एमा के हाथों और टखने की सर्जरी हुई है, जिसे ठीक होने में अभी समय लगेगा। ऐसे में वह इस साल होने वाले विंबलडन,और यूएस ओपन में भी नहीं खेल पाएंगी। एमा ने इंस्टाग्राम पर सर्जरी के बाद की एक तस्वीर भी साझा की है। 20 साल की राडुकानू ने अस्पताल की एक तस्वीर पोस्ट की और अपने 2.5 लाखों इंस्टाग्राम फॉलोअर्स से कहा, पिछले 10 महीने मेरे लिए बेहद कठिन रहे हैं क्योंकि मैं दोनों हाथों की हड्डी पर बार-बार लगने वाली चोट से परेशान रही हूं। राडुकानू ने लिखा, मैंने दर्द को प्रबंधित करने और इस वर्ष के अधिकांश समय और पिछले साल के अंत तक अभ्यास के दौरान पड़ने वाले दबावा को कम करने, प्रशिक्षण के लापता सप्ताहों के साथ-साथ पिछले सत्र को कम करने की कोशिश की थी पर चोट ठीक नहीं हो पाई। अब मैं इन मुद्दों को हल करने के लिए दोनों हाथों की एक मामूली प्रक्रिया से गुजर रही हूं। राडुकानू ने लिखा, मुझे यह बताते हुए निराशा हो रही है कि मैं अगले कुछ महीनों के लिए बाहर रहूंगी। यह हालांकि मेरे लिए निराशाजनक है। मैं गर्मियों को याद करूंगी। साथ ही अपने सभी प्रशंसकों को सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं।

## महिला जूनियर एशिया कप सेमीफाइनल में जापान की चुनौती के लिये तैयार भारत

**काकामिगाहारा। (एजेंसी)।** बेहतरीन फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शनिवार को जापान के खिलाफ महिला जूनियर एशिया कप सेमीफाइनल में इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया है। उजबेकिस्तान, मलेशिया , चीनी ताइपै को हराने के बाद उसने कोरिया से ड्रॉ खेला। भारतीय टीम पूल ए में अपराजेय रहकर शीर्ष पर रही। शनिवार को जीत से टीम फाइनल में पहुंचने के साथ एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लेगी।

टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमों को सीधे एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप में प्रवेश मिलेगा जो चिली के सैंटियागो में 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जायेगा। भारतीय कप्तान प्रीति ने जीत का भरोसा जताते हुए कहा ,'' एशिया की शीर्ष टीमों में से एक होने के कारण हमारे लिये यहां अच्छा प्रदर्शन बहुत जरूरी है।'' उन्होंने कहा ,'' अभी तक हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है और हम सेमीफाइनल में भी इस लय को कायम रखना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य जूनियर महिला विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना भी हे और हम इससे एक जीत ही दूर हैं। इसलिये हम सेमीफाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'' भारत ने पहले मैच में उजबेकिस्तान को 22 . 0 से हराया और फिर मलेशिया को 2 . 1 से मात दी। कोरिया के खिलाफ मैच 2 . 2 से ड्रॉ रहा जबकि चीनी ताइपै को 11 . 0 से हराया। जापान ने हांगकांग चीन को 23 .0 से और इंडोनेशिया को 21 . 0 से मात दी। चीन से एक गोल से हारने



## एएफसी एशियाई कप से पहले लगातार खेलने से मनोबल बढ़ेगा : गुरप्रीत

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा कि अगले साल होने वाले एएफसी एशियाई कप से पहले लगातार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलना खिलाड़ियों के लिए अच्छा है। इससे उनका मनोबल और कौशल बढ़ता है। गुरप्रीत ने कहा कि उनके और साथी खिलाड़ी अमरिंदर सिंह के बीच प्रतिस्पर्धा है पर उनका लक्ष्य अहम मैच जीतना है। इस साल की शुरुआत में इंफाल में तीन देशों के टूर्नामेंट में भारत ने म्यामां को 1-0 से और किर्गिस्तान को 2-0 से हराकर खिताब जीता था और टूर्नामेंट में गुरप्रीत और अमरिंदर दोनों ने इसमें संयुक्त रूप से 'टूर्नामेंट के गोलकीपर' का पुरस्कार जीता था। गुरप्रीत का मानना है कि एशियाई कप से पहले लगातार टूर्नामेंट खेलना भारतीय टीम के लिए 'बहुत अच्छा' है। टीम कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी कर रही है जिसमें - भुवनेश्वर में इंटरकॉन्टिनेंटल कप, बेंगलुरू में सैफ चैंपियनशिप, थाईलैंड में किंग्स कप (सितंबर) और मलेशिया में मर्डेका कप (अक्टूबर) शामिल हैं। कतर में जनवरी-फरवरी में होने वाले एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम इंटरकॉन्टिनेंटल कप से पहले भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत कर रही है। गुरप्रीत का मानना है कि यह खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल को बेहतर बनाने का अच्छा मौका है।

# भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन का कारण कहीं आईपीएल तो नहीं

**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पयनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल में भारतीय टीम के बल्लेबाजों और गेंदबाजों के कमजोर प्रदर्शन से एक बार फिर ये सवाल उठने लगा है कि क्या इसका कारण आईपीएल तो नहीं है। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी करीब दो माह तक आईपीएल खेलने के बाद अब टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं।

इसमें भारतीय टीम 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। पिच पर मौजूद घास और ओवरकास्ट कंडीशन भी भारत के पक्ष में थी। इसके बाद भी भारतीय गेंदबाज नाकाम रहे। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। सबसे हैरानी की बात ये रही कि अतिरिक्त उछाल वाले विकेट का भी भारतीय तेज गेंदबाज लाभ नहीं उठा पाये। वहीं इसके बाद जब भारतीय टीम बल्लेबाजी के लिए उतरी तो उसका शीर्ष क्रम विफल रहा। रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ी रन नहीं बना पाये। आईपीएल में बल्लेबाज को पहली गेंद पर से ही शॉट लगाने पड़ते हैं पर टेस्ट में उसे गेंद को देखकर खेलना पड़ता है। यहीं भारतीय बल्लेबाज गलती कर गये।

इससे ये माना जा रहा है लगातार दो माह से खेलने के कारण खिलाड़ी थके हुए थे। इसके अलावा वह टी20 से टेस्ट प्रारुप के लिए मानसिक रुप से तैयार नहीं हुए। गेंदबाजों के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट बहुत अहम होता है। दो महीने नॉन टी20 क्रिकेट खेलने के तत्काल बाद भारतीय गेंदबाजों को टेस्ट क्रिकेट खेलना पड़ा और सीधे 4 ओवर से लंबे-लंबे स्पैल में गेंदबाजी करनी पड़ी और यही कारण है कि एक समय के बाद भारतीय गेंदबाजों पर थकान हावी होती दिखी और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने इसका पूरा लाभ उठाया। उठाया.

भारतीय टीम में शामिल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर आईपीएल 2023 में अपनी टीम के गेंदबाजी आक्रमण में भी शामिल थे। शमी ने आईपीएल 2023 में 17, सिराज ने 14, शार्दुल ने 11 मुकाबले खेले थे। उमेश यादव और शार्दुल ने तो चोटिल होने के कारण कुछ मैच भी नहीं खेले थे। वहीं मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर फाइनल से करीब 2 हफ्ते पहले लंदन पहुंच गए थे पर शमी आईपीएल फाइनल के कारण 1 जून को इंग्लैंड पहुंचे थे। इस बीच कोई अभ्यास मैच नहीं खेला गया. आईपीएल में 4 ओवर के स्पैल से अचानक टेस्ट में बदले हुए हालात में लगातार गेंदबाजी करने का असर पहले दिन भारतीय गेंदबाजों पर साफ दिखा था। दूसरे सत्र के बाद ही भारतीय तेज गेंदबाजों के घुटने मुड़ने लगे थे। वहीं तीसरे सेशन तक भारतीय तेज गेंदबाज थके हुए नजर आने लगे थे और इसका फायदा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने उठाया और आखिरी 10 ओवर में स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने 5 के रन रेट से रन कूटे थे.




पहले दिन पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी इसी को लेकर एक ट्वीट किया था. उन्होंने लिखा था, नियमित रूप से 4 ओवर गेंदबाजी करने से लेकर एक दिन में 15-20 ओवर गेंदबाजी करना बड़ी छलांग है। इस प्रकार उनके संकेत भी आईपीएल की ओर ही थे।

## गांगुली ने कहा अश्विन हरी घास वाली पिच पर भी प्रभावी रहते : गांगुली

### -अंतिम ग्यारह में शामिल न कर भारतीय टीम ने गलती की

मुम्बई। भारतीय टीम के आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अनुभवी स्पिनर आर अश्विन को शामिल नहीं किये जाने पर पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने नाराजगी जतायी। इस मैच में भारतीय गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे। ऐसे में टीम को ऑफ स्पिनर अश्विन की कमी खली। गांगुली ने कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के इस फैसले पर सवाल उठाये हैं। गांगुली ने कहा कि कौन कहता है कि ऑफ स्पिनर हरी पिच पर नहीं खेल सकता है? ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट ले चुके हैं। गांगुली ने कहा, अश्विन जैसे मैच विजेता को अंतिम ग्यारह में शामिल ना कर भारत ने गलती कर दी है। ऐसा लग रहा है कि उनका अंतिम ग्याह में शामिल होना बेहतर होता क्योंकि जडेजा को दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। जडेजा एक छोर से दबाव बनाते हैं पर दूसरे छोर से रन बनते ही ये हट जाता है। गांगुली ने साथ ही कहा, अश्विन ने विकेट केवल उपमहाद्वीप के मैदानों पर नहीं लिए हैं, वह ऑस्ट्रेलिया में भी विकेट ले चुके हैं। मेरे अनुसार हरी घास वाली पिच पर भी वह प्रभावी होते। मेरे अनुसार वह ऑल टाइम ग्रेट खिलाड़ी है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Saturday, 10 June 2023

# रोमांस ड्रामा' जी करदा में नजर आयेंगे तमन्नाह, आशिम सहित बचपन के कई दोस्त




भारत के सबसे पसंदीदा मनोरंजन प्लेटफार्म, प्राइम वीडियो ने आज आगामी अमेज़ॅन ओरिजिनल सीरीज़, 'जी करदा के ट्रेलर का रिलीज़ किया। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित और अरुणिमा शर्मा द्वारा निर्देशित, सीरीज हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। जी करदा में तमन्नाह भाटिया, आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सयान बनर्जी और संवेदना सुवालका जैसे सात बचपन के दोस्त हैं, जिनमें सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। 240+ देशों और क्षेत्रों के प्राइम मेंबर्स 15 जून से इस सीरीज को स्ट्रीम कर सकेंगे। जी करदा प्राइम मेंबरशिप के लिए लेटेस्ट एडिशन है। भारत में प्रधान सदस्य केवल ?1499/वर्ष में एक ही सदस्यता में बचत, सुविधा और मनोरंजन का आनंद लेते हैं।

सीरीज का ट्रेलर हमें मस्ती, ड्रामा और भावनाओं से भरी सफर पर ले जाता है, जिसमें सात बचपन के दोस्तों के जीवन को दिखाया गया है, जो एक-दूसरे से अलग होने के बावजूद गहराई से जुड़े हुए हैं। एक साथ जीवन का अनुभव करने से, प्यार में पड़ने से, गलतियाँ करने से और यहाँ तक कि अपने दिल के टूटने तक से, वे सीखते हैं कि बेहतरीन दोस्ती और रिश्ते भी निर्दोष नहीं हो सकते। ऋषभ (सुहैल नय्यर) अपनी लंबे समय से प्रेमिका लावण्या (तमन्नाह भाटिया) को प्रपोज करता हैं, उनके स्कूल के दोस्त शादी के जश्न में शामिल होते हैं, लेकिन कुछ कठिनाइयां पैदा होती हैं और रिश्ते एक दिलचस्प मोड़ लेते हैं।

तमन्ना भाटिया ने कहा, जी करदा पर काम करने का मेरा समय बिल्कुल अविश्वसनीय था, मेरे लिए, यह शो अब तक का सबसे करीबी किरदार था, जो मेरे अपने व्यक्तित्व से मेल खाता था। एक सच्ची मुंबई की लड़की होने के नाते, इस शहर में पली-बढ़ी हूं। स्कूल में मैंने जो दोस्ती बनाईं, वो भी कुछ ऐसी ही थी और मेरा मानना है कि इस प्रकार के रिश्ते अटूट होते है। यह शो सच में पुरानी यादों के सार को पकड़ता है, गतिशीलता और अनुभवों को दर्शाता है जिसे मैं उस शहर से अच्छी तरह समझती हूँ जिसकी मैं हूँ।

सीरीज के बारे में बात करते हुए, निर्माता दिनेश विजन ने कहा, जी करदा की सबसे बड़ी ताकत डिजिटल जगत में अलग अपील करती है। जबकि प्राइम वीडियो ने कई यादगार शो तैयार किए हैं, जी करदा आजकी पीढ़ी से बात करता हैं । जो वेबस्पेस अलग तरह से देखते है।, यह शो मुझे कॉकटेल की याद दिलाता है, एक ऐसी फिल्म जिसने मैडॉक को नाम दिया । यह मजेदार, ताज़ा और अच्छी कहानी आज के युवाओं के दिलों में एक छाप छोड़ेगी।

लेखक और निर्देशक अरुणिमा शर्मा ने साझा किया, फ्जी करदा रोमांस, दोस्ती और वयस्कता को नेविगेट करने की कठिनाइयों और पेचीदगियों को दर्शाते है। मुझे लगता है कि दर्शक इससे खुद को जोड़ पाएंगे। वयस्कता की एक आदर्श दृष्टि प्रस्तुत करने के बजाय, हम एक ऐसा ड्रामा बनाना चाहते थे जो जीवन की गन्दी वास्तविकताओं को चित्रित करे। मेरा मानना है कि दर्शक किरदारों और उनके सफर को पहचानेंगे और यह जानकर उन्हें सुकून मिलेगा कि वे अपनी भावनाओं के मामले में अकेले नहीं हैं। मैं प्राइम वीडियो और मैडॉक फिल्म्स के साथ इस शो को लेकर बहुत उत्साहित हूं। प्राइम वीडियो विचारोत्तेजक और आकर्षक कहानियां प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है, और मुझे लगता है कि हमारा शो इसमें फिट होगा।

# एक समय नवाजुद्दीन के पास नहीं थे खाने के लिए पैसे



बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज एक स्थापित कलाकार हैं पर उनकी शुरुआत बेहद खराब रही है यहां तक की उनके पास खाने के लिए भी पैसे नहीं होते थे। एक समय तो ऐसा भी आया, जब नवाजुद्दीन के पास एक रुपया भी नहीं था और खाना खाए हुए भी कई दिन हो गए थे। तब उन्होंने एक सीनियर एक्टर से 50 रुपये उधार मांगे। नवाजुद्दीन ने उस बारे में बताया कि उस सीनियर एक्टर की हालत भी ठीक नहीं थे। एक्टर की तरह उनका भी काम नहीं चल रहा था। सीनियर एक्टर के पास सिर्फ 100 रुपये थे, जिसमें से 50 रुपये नवाजुद्दीन को दे दिए। तब नवाजुद्दीन सिद्दीकी और वह सीनियर एक्टर अपनी हालत देख बुरी तरह रो पड़े थे। नवाज ने एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती दौर को याद किया, जब वह फिल्मों के लिए स्ट्रगल कर रहे थे। एक बार नवाजुद्दीन को सिर्फ इस बात पर कॉलर से पकड़कर बाहर निकाल दिया गया था, क्योंकि वह उस जगह खाना खा रहे थे, जहां मुख्य हीरो-हीरोइन खाते हैं। नवाजुद्दीन ने 1999 में आमीर खान स्टारर सरफरोश में एक छोटे से रोल से एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में छोटे-मोटे किरदार निभाए। हालांकि इस दौरान उनके साथ गलत बर्ताव किया जाता था। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने अपने करियर के स्ट्रगल भरे दौर को याद किया। सेट पर खाने की व्यवस्था और खुद के साथ हुए बर्ताव पर नवाजुद्दीन ने कहा, यहां खाने का अरेंजमेंट भी अलग-अलग होता है। जूनियर आर्टिस्ट के लिए अलग होता है। जो बड़े आर्टिस्ट होते हैं, उनके लिए अलग और जो मेन आर्टिस्ट होते हैं, उनका भी अलग होता है। लेकिन कुछ प्रोडक्शन्स में सारे आर्टिस्ट एक साथ खाते हैं। जब खाना लगता है तो सब एक साथ खाते हैं। बहुत सारे ऐसे प्रोडक्शन्स हैं, जहां अलग-अलग व्यवस्था होती है। कई बार मैंने कोशिश की कि मेन एरिया में जाकर खाऊं, जहां लीड लोग खाते हैं। लेकिन वहां से कॉलर पकड़ा और भगा दिया गया। फिल्मों में छोटे-मोटे किरदारों के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने टीवी सीरियलों में भी काम किया था। नवाजुद्दीन सिद्दीकी को पीपली लाइव और कहानी जैसी फिल्मों से पहचान मिलनी शुरू हुई, और फिर गैंग्स ऑफ वासेपुर ने उनकी किस्मत ही पलट दी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।



# ऐशले की हॉट तस्वीरें इंटरनेट पर मचा रही तबाही

हाल ही में हॉलीवुड एक्ट्रेस ऐशले ग्राहम ने इंस्टाग्राम पर अपनी बीच साइड तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर खूब तबाही मचा रही हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का बेहद हॉट लुक देखने को मिल रहा है, जिसे देख फैंस मदहोश हो रहे हैं। इन तस्वीरों में ऐशले ग्राहम ब्लैक कलर के स्विमसूट में बेहद हॉट लग रही हैं। ब्लैक स्विमसूट में एक्ट्रेस अपने एक्सेल साइज फिगर कॉन्फिडेंस के साथ फ्लॉन्ट कर रही हैं और डीप नेक में उनके क्लीवेज साप नजर आ रहे हैं। नेक पर पहना सिल्वर नेकलेस भी खूब अटेंशन खींच रहा है। इस लुक को ऐशले ने हाई बन और न्यूड मेकअप से कंप्लीट किया है। ओवरऑल लुक में हॉलीवुड हसीना का बेहद हॉट लग रही हैं और बीच साइड टैरिस पर खड़े होकर कैमरे के सामने कातिलाना पोज दे रही हैं। बता दें, ऐशले ग्राहम हॉलीवुड इंडस्ट्री की एक जानी मानी एक्ट्रेस हैं, जो अपने काम से ज्यादा लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं। वह सोशळ मीडिया की दुनिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनका इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड एंड हॉट तस्वीरों से भरा है।

# रैमो डिसूज़ा डांस प्लस के नए सीजन की तैयारी में



बालीवुड के डांस कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा डांस प्लस के नए सीजन की तैयारी कर रहे हैं। डिसूजा ने कहा कि रियलिटी शो डांस के फ्यूचर को प्रदर्शित करेगा। लोकप्रिय डांस रियलिटी शो डांस प्लस केवल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा। रेमो सुपर जज के रूप में वापसी करेंगे। उन्होंने कहा, डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इस नए सीजन में हम डांस के फ्यूचर को प्रदर्शित करेंगे और मुझे विश्वास है कि भारत कल के डांस के रूप में जो कल्पना करता है, वही डांस प्लस आज प्रदर्शित करेगा। डांस प्लस का नया सीजन जल्द ही डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।डांस प्लस के सीजन के बारे में बात करते हुए, रेमो डिसूजा ने कहा, डांस प्लस मेरे दूसरे घर जैसा है और मैं हर बार यहां वापस आकर खुश हूं। हर साल, शो में हमें जो टैलेंट मिलता है, वह अभूतपूर्व है और आज की जनरेशन में डांस आर्ट के लिए इस लेवल के प्यार और जुनून को देखकर मुझे गर्व होता है।



# 16 जून को रिलीज होगी 'आदिपुरुष'

ओम राउत की फिल्म 'आदिपुरुष' 16 जून को रिलीज हो रही है। हाल में इस फिल्म का फाइनल ट्रेलर भव्य इवेंट में जारी किया गया। इसमें फिल्म के मुख्य अभिनेता प्रभास और कृति सेनन इस इवेंट का मुख्य आकर्षण थे। लाखों लोगों की भीड़, भगवा झंडे, 'जय श्री राम' के नारे कुछ ऐसा ही नजारा ट्रेलर लांच के अवसर पर तिरुपति में देखने को मिला फिल्म का बजट 700 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म के राइट्स पहले ही 400 करोड़ से ज्यादा के बिक चुके हैं। फिल्म के गाने भी बेहद पसंद किए जा रहा हैं। दोनों कलाकारों ने इस मौके पर फिल्म से जुड़े अनुभव साझा किए। साथ ही प्रभास ने जहां अपना मैरिज प्लान बताया। वहीं, कृति ने प्रभास के व्यक्तित्व से जुड़ी कुछ बातों पर से पर्दा उठाया। प्रभास, कृति और सैफ अली खान की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'आदिपुरुष' 16 जून को रिलीज हो रही है।ओम राउत की फिल्म 'आदिपुरुष' का जब से फाइनल ट्रेलर आया है, तब ही से मूवी को लेकर और क्रेज नजर आ रहा है। फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिय पर टॉकिंग पॉइंट बना हुआ है। तिरुपति में हुए भव्य इवेंट के दौरान प्रभास और कृति ने अपने मन की बातें शेयर कीं।

प्रभास ने शुरुआत फिल्म के एक डायलॉग के साथ की और फिल्म को लेकर अपना अनुभव साझा किया। इसी दौरान प्रभास ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी एक बात कही। मस्ती के मूड में नजर आए प्रभास अपने फैंस से कहा 'मैं तिरुपति में ही शादी करूंगा।' ये बात सुनकर सभी एक्साइटेड हो गए और हूटिंग करने लगे। बता दें कि प्रभास का नाम अनुष्का शेट्टी और कृति से जुड़ चुका है।इवेंट के दौरान कृति सेनन ने प्रभास की जमकर तारीफ की। कृति का का कहना था कि 'राम' का किरदार प्रभास से बेहतर कोई नहीं कर सकता था।

उन्होंने किरदार में रमने के लिए काफी मेहनत की है। प्रभास के व्यक्तित्व को लेकर कृति का कहना था, 'ये गलत धारणा है कि प्रभास कम बोलते हैं, वे सेट पर खूब बातें किया करते थे। वे स्वीट और हार्ड वर्किंग हैं। साथ ही वे खाने के भी बेहद शौकीन हैं।' इवेंट में कृति और प्रभास का हग करना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कृति साउथ के कई प्रोजेक्ट कर चुकी हैं लेकिन इतने बड़े स्तर पर यह उनकी पहली फिल्म है, जो पैन इंडिया रिलीज हो रही है।

# पत्नी की इस आदत से परेशान हैं शाहिद

शाहिद कपूर अपनी पत्नी मीरा के देर तक सोनी की आदत से परेशान हैं। हालां?कि शा?हिद और उनकी वाइफ मीरा राजपूत बी टाउन के पॉपुलर कपल में से एक हैं। कपल ने अरेंज मैरिज की है और इनकी शादी को 8 साल होने वाले हैं। कपल के दो बच्चे भी है एक लड़का और एक लड़की। अक्सर शाहिद और मीरा एक-दूसरे के साथ रोमांस करते स्पॉट हो ही जाते हैं, लेकिन मीरा राजपूत में कुछ ऐसी बुरी आदतें हैं जो शाहिद झेलते हैं। एक्टर ने हाल ही में इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कैसे मीरा की बुरी आदतें उन्हें परेशान करती हैं। शाहिद कपूर ने पत्नी मीरा राजपूत की बुरी आदत का खुलासा करते हुए बताया कि मीरा कभी सुबह नहीं उठतीं। बल्कि जब सुबह 9 बजे वो उन्हें उठाने जाते हैं तो वो गुस्सा होने लगती हैं। शाहिद कई सालों से मीरा की इस बुरी आदत को झेल रहे हैं। शाहिद ने बताया कि कैसे मीरा उनकी गलत आदतों पर उन्हें सुधारना चाहते हैं। शाहिद कपूर ने मीरा राजपूत से बेहद प्यार करने का कारण बताया कि मीरा काफी सुंदर हैं, उनकी स्माइल बेहद प्यारी है, वो बहुत इंटेलिजेंट हैं।

